आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 16 ● कटनी ● गुरुवार, 16 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## पैसे की कोई कमी नहीं, बेफिक्र रहें निवेशक... झटकों के बाद भी फुल कॉन्फिडेंस में हैं अदाणी

**नयी दिल्ली ,एजेंसी।** हिंडनबर्ग के हमलों से घिरे गौतम अदाणी अब अपनी कंपनी को संभालने में जुट गए हैं। मंगलवार को गौतम अदाणी ने अदाणी एंटरप्राइजेज के तिमाही नतीजे सामने आने के बाद निवेशकों को भरोसा दिलाने की कोशिश की और कहा कि अडानी के शेयरों में जारी गिरावट अस्थाई है। कंपनी की नींव मजबूत है ।

## अब फिलीपींस में हिली धरती रिक्टर स्केल पर 6.1 रही तीव्रता के झटके

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के मस्बाते क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। स जियोलॉजिकल सर्वे ने जानकारी दी है कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 नापी गई है। इस भूकंप से नुकसान या हताहतों की कोई जानकारी नहीं मिली है औ न ही सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई।

# 19 को भोपाल में मंत्रियों का जमावड़ा हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में विधानसभा के चुनाव इसी साल होने वाले हैं और पार्टी सूत्रों की माने तो बीते काफी समय से मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद चल रही है, एक तरफ जहां निगम मंडलों में नियुक्ति होना है वही कुछ नए चेहरों को मंत्रिमंडल में भी जगह दी जानी है। सीएम के अचानक 19 फरवरी को मंत्रियों को बुलाने से मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर भी सियासी गलियारें में चर्चा तेज हो गई है। दरअसल बुधवार सुबह सीएम ने नागपुर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। इस मुलाकात को बहुत अहम माना जा रहा है। इससे पहले सीएम ने राज्यपाल से मुलाकात की थी। ऐसे में अंदेशा है कि 19 फरवरी के बाद मंत्रिपरिषद का विस्तार किया जा सकता है। बता दें प्रदेश में अभी 23 कैबिनेट और 7 राज्यमंत्री हैं। कुछ मंत्री ऐसे हैं जिनके विभागों में बदलाव किया जाएगा तो वहीं कई की छुट्टी भी की जा सकती है। जिन मंत्रियों की छुट्टी होना है उसकी बड़ी वजह उनके खिलाफ आ रही शिकायतें हैं, जनता में असंतोष है तो वही प्रभार वाले जिलों में उन मंत्रियों ने ज्यादा रुचि नहीं ली है, जिससे स्थानीय कार्यकर्ता नाराज तो है ही साथ में उन्होंने संगठन को वास्तविक स्थिति से भी अवगत कराया है।राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो राज्य सरकार के कुछ मंत्री ऐसे हैं



जिनके क्रियाकलाप से सरकार और पार्टी की छवि प्रभावित हो रही है, यही कारण है कि संगठन इससे चिंतित है और जिन मंत्रियों को लेकर नाराजगी है उन्हें अगर मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया जाता है या उन्हें कम महत्व के विभाग दिए जाते हैं तो एंटीइकंबेंसी को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यही कारण है कि कई मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है तो वहीं नए चेहरों को जगह दी जा सकती है। राज्य में भाजपा विकास यात्रा निकाल रही है, इन विकास यात्राओं का मकसद हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ जमीनी हकीकत का ब्यौरा तैयार करना भी है। राज्य सरकार के कई मंत्रियों के खिलाफ सत्ता के प्रमुख शिवराज सिंह चौहान और संगठन के पास रिपोर्ट आ चुकी है। सरकार और संगठन के पास आए रिपोर्ट कार्ड के आधार पर मंत्रियों के साथ विधायकों को भी लगातार समझाइश दी जा रही है और इशारों-इशारों में यहां तक कह दिया गया है कि उनका रिपोर्ट कार्ड नहीं सुधरा तो सख्त फैसले भी लिए जा सकते हैं। यही कारण है कि कई मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है तो वहीं नए चेहरों को जगह दी जा सकती है। सत्ता और संगठन की मंत्रिमंडल में विस्तार की कई दौर की बातचीत हो चुकी है। **(देखे पेज 5 भी)**

## जो बाइडन पर कस सकता है शिकंजा

### दस्तावेज की तलाश में डेलावेयर विश्वविद्यालय पहुंची FBI की टीम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुप्त दस्तावेज की खोज में अमेरिकी खुफिया एजेंसी



एफबीआई लगातार अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी कर रही है। हालांकि, अभी तक कोई खास सफलता मिलती दिख नहीं रही है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई इस बार डेलावेयर विश्वविद्यालय में पहुंचकर दो जगहों पर तलाशी ली है। तलाशी में क्या सब मिला है? इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के डेलावेयर स्थित घर और वॉशिंगटन के ऑफिस में अमेरिकी न्याय विभाग ने छापेमारी की थी। बाइडन पर उपराष्ट्रपति रहते हुए गोपनीय फाइलों को अपने निजी घर और दफ्तर में छिपाने का आरोप है। दो नवंबर को भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के डेलावेयर स्थित घर और वॉशिंगटन के ऑफिस में अमेरिकी न्याय विभाग ने छापेमारी की थी।



यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला व डॉ. श्रीमति रश्मि शुक्ला जगतगुरु शंकराचार्य जी से आशीर्वाद लेते हुए।

## यशभारत पहुंचे जगतगुरु शंकराचार्य

**जबलपुर, यशभारत।** अनंत श्री विभूषित द्वारका शारदापीठधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज जी का यशभारत कार्यालय में शुभागमन हुआ। इस मौके पर संस्थापक आशीष शुक्ला व डॉ श्रीमती रश्मि शुक्ला ने जगतगुरु का स्वागत कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकराचार्य जी ने अपने संक्षिप्त शुभाशीष प्रवचन में धर्म व सत्य की ओर सभी भक्तों को प्रेरित किया और सभी को आशीर्वाद प्रदान किया । इस मौके पर डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी मौजूद रहे।

## पाक में ट्रेन में धमाका दो यात्रियों की मौत



**पेशावर एजेंसी।** पाकिस्तान में गुरुवार सुबह एक ट्रेन में ब्लास्ट की दिल-दहलाने वाली खबर सामने आई है। बताया गया है कि बलूचिस्तान के क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस में जबरदस्त धमाका हुआ। इसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह ब्लास्ट तब हुआ जब पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस चिचावतनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी।स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह ब्लास्ट तब हुआ जब पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस चिचावतनी रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। बताया गया है कि धमाका इकोनॉमी क्लास की बोगी नंबर 6 में हुआ।

## सुलतानपुर में आमने-सामने टकराई 2 मालगाड़ियां, ड्राइवर घायल, 6 डिब्बे पटरी से उतरे



**सुलतानपुर , ईएमएस ।** यूपी के सुलतानपुर जंक्शन के दक्षिणी केबिन के पास गुरुवार सुबह दो मालगाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं, चारों ही ड्राइवर हैं। इनकी हालत अब स्थिर है। वहीं, एक मालगाड़ी के करीब 6 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। हादसे के बाद लखनऊ-वाराणसी और अयोध्या-प्रयागराज रेलवे ट्रैक बाधित हुआ है।



## राहुल बोले- संसद में दिया गया बिल्कुल बयान सही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ असंसदीय टिप्पणी के मामले में नोटिस का जवाब दिया है। राहुल ने अपनी टिप्पणी को सही ठहराया है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में अलग-अलग कानूनों का हवाला दिया। साथ कई पन्नों में अपने बयान को डिटेल से समझाया है। बता दें कि राहुल ने 7 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे को लेकर पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी की थी। जिसके बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और प्रह्लाद जोशी ने 10 फरवरी को लोकसभा सचिवालय में उनके खिलाफ असंसदीय और अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल पर विशेषाधिकार हनन नोटिस जारी किया था। लोकसभा सचिवालय ने नोटिस पर राहुल को 15 फरवरी तक जवाब देने को कहा था। राहुल गांधी पिछले सोमवार (13 फरवरी) को केरल के वायनाड में एक सभा को संबोधित किया था। जहां उन्होंने लोकसभा से अपने बयान के कुछ हिस्से हटाए जाने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा- इस देश में हर किसी के लिए संसद की कार्यवाही देखना, देश में क्या हो रहा है यह जानना महत्वपूर्ण है। पीएम और अडाणी के बीच साठगांठ को समझना इंपोर्टेंट है।राहुल बोले- कुछ दिन पहले मैंने संसद में हमारे प्रधानमंत्री और अडाणी के रिश्ते के बारे में भाषण दिया था। मैंने बेहद विनम्र और सम्मानजनक ढंग से अपनी बात रखी। मैंने किसी भी तरह की खराब भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, ना किसी को अपशब्द कहे, मैंने केवल कुछ तथ्यों को उठाया। राहुल ने कहा कि पीएम खुद को बहुत ताकतवर समझते हैं।

**भाजपा सांसदों के नोटिस पर कांग्रेस नेता ने लोकसभा सचिवालय को दिया जवाब**

# त्रिपुरा में 12 बजे तक 26 फीसदी मतदान की खबर



केंद्रों पर लंबी कतार

**अगरतला, ईएमएस।** देश के उत्तर पूर्वी राज्य त्रिपुरा में 60 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान जारी है। यहां मतदान केंद्रों पर सुबह से मतदाताओं की लंबी कतार देखी जा रही है। राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने सभी सुरक्षा प्रबंध किए हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच 3,337 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। समाचार लिखे जाने तक 26 फीसदी मतदान हो चुका था। राज्य में शाम को 4 बजे तक मतदान होगा।त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है, सुबह नौ बजे तक 13.23 फीसदी मतदान हुआ। त्रिपुरा के ष्टरूमाणिक साहा ने कहा कि जनता सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मत का प्रयोग कर रही है। हमारे लिए यही चुनौती है कि प्रत्येक क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहे हैं लेकिन ये लोग(विपक्ष) कोशिश करेंगे कि ऐसा न हो।त्रिपुरा में मुख्य रूप से भाजपा, ढ्ढक्कञ्ज गठबंधन, माकपा, कांग्रेस गठबंधन और पूर्वोत्तर राज्य के पूर्व शाही परिवार के वंशज द्वारा गठित एक क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा के बीच में मुख्य मुकाबला हो रहा है।

## महंगाई-भुखमरी से लड़ रहे पाकिस्तान में नई आफत

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और खाद्य सामग्रियों की कमी का संकट पहले ही गहरा चुका है। अब इस बीच शहबाज सरकार ने आईएमएफ से सस्ता कर्ज लेने के लिए जनता पर बोझ और बढ़ा दिया है। बताया गया है कि पाकिस्तान में अब पेट्रोल की कीमतें बढ़ाकर 272 रुपये प्रति लीटर कर दी गई हैं। इसके अलावा यहां डीजल की कीमतों में भी इजाफा कर 280 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

# दो सड़क हादसों में 12 की मौत

**बांदा , ईएमएस ।** उत्तरप्रदेश के बांदा में बुधवार देर रात एक स्कॉर्पियो और एक बोलेरो में टक्कर हो गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। यह दोनों गाड़ियां चित्रकूट के राजापुर में एक बारात में गई थी। देर रात वहां से लौट रही थीं। दोनों गाड़ियां आगे पीछे चल रही थीं। तभी स्कॉर्पियो ने पीछे से बोलेरो को टक्कर मार दी। उधर गुजरात के पाटन जिले में भी बड़ा सड़क हादसा हुआ है।



यहां वरही इलाके में भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा उस समय हुआ जब एक जीप ट्रक में जा घुसी। इस हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किए। हादसे में मारे गए लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे की जांच की जा रही है।

# बीवी का पासपोर्ट क्लियर करवाने के लिए पुलिस की साइट ही हैक कर डाली

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अगर आपको आपके किसी संबंधी या किसी अपने का पासपोर्ट बनवाना हो तो आप क्या करेंगे। पहले आप इसके लिए आवेदन करेंगे। उसके बाद जो तय प्रोसेस है उसे फॉलो करेंगे। अमूमन हर व्यक्ति यही करता है। लेकिन उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के व्यक्ति ने कुछ ऐसा किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। गाजियाबाद के राजा बाबू शाह ने अपनी बीवी का पासपोर्ट क्लियर करवाने के लिए पुलिस की साइट ही हैक कर डाली। पेशे से सिविल इंजीनियर 27 वर्षीय शाह को अब साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बाबू शाह ने साइट हैक करने के साथ ही उसमें मौजूद तीन आवेदकों की इंक्वायरी रिपोर्ट भी




क्लियर कर दी। इस मामले की और जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपी की बीवी नौकरी के लिए विदेश जाना चाहती थी और आरोपी पति अपनी पत्नी को इंप्रेस करना चाहता था। साइबर पुलिस ने आगे बताया कि किसी को शक न हो इसलिए बाबू शाह ने साइट में मौजूद दो और इंक्वायरी को भी क्लियर कर दिया। पुलिस ने बताया कि शाह की पत्नी ने पासपोर्ट के लिए जो दस्तावेज जमा किए उनमें कोई समस्या नहीं थी। लेकिन स्नढ्ढक्र के बाद बाबू शाह की पत्नी का पासपोर्ट रोक दिया गया है। आरोपी इस समय ज्यूडिशियल कस्टडी में है।

इससे पहले पिछले साल, एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी। अज्ञात व्यक्ति पर आरोप था कि उसने सुरक्षा, चोरी की पहचान, आईपीसी की विभिन्न धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत धोखे से कंप्यूटर संसाधनों का प्रयोग किया है। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि आरोपी ने पुलिस पूछताछ के लिए रखे गए तीन पासपोर्ट को भी क्लियर कर दिया है। यह तीन पासपोर्ट मुंबई के एंटोप हिल, चेंबुर और तिलक नगर से थे। पुलिस ने आगे बताया कि जांच में यह पता चला कि आरोपी ने आईपी एड्रेस का प्रयोग किया था। इसके बाद यह जांच दक्षिण क्षेत्र साइबर पुलिस स्टेशन को सौंप दी गई। डीसीपी बालसिंह राजपूत और एसीपी रामचंद्र लोतलीकर की टीम ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रहने वाले राजा बाबू शाह को गिरफ्तार कर लिया। साह यूपी में ही एक किराए के मकान में रहता था और उसकी पत्नी मुंबई में रहकर काम करती है।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग



# नशामुक्ति केन्द्र में दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## शहडोल व नरसिंहपुर के युवकों को नशे की लत छुड़ाने परिजनों ने कराया था भर्ती, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के आधारकाप क्षेत्र में संचालित नशामुक्ति केंद्र में दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। युवकों की मौत के बाद नशामुक्ति केंद्र संचालक एक युवक के शव को उसके घर तो दूसरे युवक के शव को जिला अस्पताल में छोड़कर भाग गया। उधर दो युवकों की मौत के बाद नशामुक्ति केन्द्र में ताला लटका है तथा संचालक का मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। वहीं समिति अध्यक्ष कुछ भी जानकारी देने से बच रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आधारकाप क्षेत्र में संचालित रेवा नशामुक्ति उपचार एवं पुनर्वास केंद्र संचालित है। जिसमें शहडोल जिले सुहागपुर थाना अंतर्गत सौखी मोहल्ला निवासी फणीशंकर राव पिता एबी राव को परिजनों ने नशे की लत छुड़ाने के लिए भर्ती कराया था। जहां पर उसकी हालत बिगड़ी और उसे केंद्र के कर्मचारी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में युवक की जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी रणदमन सिंह पोर्ते ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में पीएम कराने के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। इसके अलावा एक अन्य 32 वर्षीय युवक की भी नशामुक्ति केंद्र में मौत होने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया निवासी 32 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह नौरिया को नशे की लत छुड़ाने के लिए परिवार के सदस्यों ने चार माह पहले नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया था। बुधवार को उसका शव नशा मुक्ति केन्द्र के सदस्य उसके घर सिमरिया गांव लेकर आए। भाई का शव देख कर खुमानसिंह नौरिया को कई तरह का अंदेशा है। उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। खुमान सिंह ने बताया कि उसके पास मंगलवार की रात 10:45 बजे नशा मुक्ति केन्द्र से फोन आया कि उसका भाई दोपहर साढ़े ग्यारह बजे खाना खाने के बाद सो गया, उसके बाद वह उठा नहीं। उसको डॉक्टर के पास ले गए थे तो उन्होंने अटैक आने की बात कही। जब भाई का शव उसके घर आया तो उसको देखा तो उसका शरीर कई जगह नीला था, वहीं हाथ पैर में सूजन थी। दोनों आंखों में मारपीट के निशान नजर आ रहे थे। डॉयल 100 पर जानकारी देने के बाद उसके शव को अस्पताल लेकर आए। जहां पर पुलिस ने शवपरीक्षण कराकर मर्ग कर मामले को जांच में लिया गया है।




### 3 हजार में करते हैं नशे की लत छुड़ाने का काम

रेवा समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने बताया कि दमोह निवासी विनय तिवारी नशामुक्ति केंद्र का कामकाज देखते हैं। समिति ब्लड डोनेशन, पुस्तक वितरण आदि का काम करती है। संचालक का बुधवार तीन बजे से मोबाइल बंद है। नशामुक्ति केन्द्र में 3-4 लोग थे। जिसमें से दो की की छुट्टी हो गई थी, इस युवक को भी शिफ्ट करना था। घटना की सूचना मुझे विनय तिवारी के जीजा ने दी है। महज 3 हजार रुपए लेकर यहां पर नशे की लत छुड़ाए जाने का काम होता है व रोजगार की भी व्यवस्था कराई जाती है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा नहीं हुआ है।

### इनका कहना है

नशामुक्ति केंद्र में किन परिस्थितियों में युवकों की मौत हुई है। दोनों मामलों की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश तत्काल दिए गए हैं।

**-सुनील कुमार जैन,** पुलिस अधीक्षक

# दिनदहाड़े टूटा मकान का ताला

### नगदी सहित लाखों के जेवर ले गए बदमाश

**कटनी, यशभारत। पुलिस की निष्क्रियता के चलते जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दिन हो या रात चौबीस घंटे बदमाश पुलिस की जगह क्षेत्रों में गश्त कर रहे हैं और घर, मकान व दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।**

**माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम गैतरा में घटना, नहीं थम रहीं वारदातें**

पिछली चोरी की कई वारदातों में शामिल बदमाशों का पुलिस अभी सुराग भी नहीं लगा पाई थी कि बुधवार को दिनदहाड़े पुलिस को खुली चुनौती देते हुए बदमाशों ने माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम गैतरा के मझौली टोला स्थित एक मकान में धावा बोला और अंदर से 10 हजार रूपए नगद सहित लाखों के जेवर लेकर चंपत हो गए। वारदात के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम गैतरा के मझौली मोहल्ला निवासी राजकुमारी पति संजीव चौधरी के मकान में बदमाशों ने बुधवार की दोपहर ढाई बजे के लगभग उस समय धावा बोला, जब मकान में कोई नहीं था। बताया जाता है कि सूने पन का फायदा उठाकर बदमाश अंदर से 10 हजार रूपए नगद व एक जोड़ी झुमकी, सोने का एक माला, सोने का एक जोड़ी चूड़ी, चांदी की चूड़ी लेकर चंपत हो गए। चोरी लाखों की बताई जा रही है लेकिन पुलिस ने कुल 80 हजार रूपए की चोरी दर्ज की है। पुलिस ने राजकुमारी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 454, 380 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# आपस में टकराई कार, एक पलटी

### रीठी मार्ग पर मझगवां फाटक के पास दुर्घटना





**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत कटनी-रीठी मार्ग पर मझगवां फाटक के समीप दो कारों के बीच टक्कर होने की घटना प्रकाश में आई है। बताया जाता है कि कार क्रमांक एम.पी.34सीए-0961 व कार क्रमांक एम.पी.21जेडए-5575 के बीच तेज रफ्तार में आमने-सामने टक्कर हुई है। टक्कर होने के बाद कार क्रमांक एम.पी.21जेडए-5575 अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कार में सवार चालक सहित अन्य लोगों को मामूली चोटे आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की है।

# कटनी के मजदूरों के साथ दमोह में धोखा, नहीं मिली मजदूरी तो कलेक्ट्रेट में बैठे धरने पर

## दमोह जिले के वन विभाग की झलोंन बीट में गड्ढा खोदने की मजदूरी नहीं मिली

कटनी यशभारत। सरकार भले ही मजदूरों के हितों की खातिर सक्रिय रहने का दावा करे पर हकीकत यह है कि सरकारी मोहकमें ही लापरवाही से उन्हे न तो योजनाओं का लाभ मिल पाता है न ही उनका जीवन स्तर सुधर पाता। अक्सर शिकायतें मिलती हैं कि मजदूरी कराने के बाद या तो ठेकेदार ने मजदूरी हड़प ली या फिर विभाग ने उन्हे परेशान कर दिया। ऐसा ही मामला दमोह में फिर से आया है यहां कटनी के मजदूरों के साथ बड़ा धोखा हुआ है। नाराज मजदूरों ने कलेक्टर से गुहार लगाई। बताया गया कि दमोह जिले के वन विभाग की झलोंन बीट में गड्ढा खोदने की मजदूरी करने वालों को अब विभाग के अधिकारी मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहे। यही शिकायत लेकर यह मजदूर अपने परिवार के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर वन विभाग कुछ लोग आए जिन्होंने इन मजदूरों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन मजदूर कलेक्टर का इंतजार कर रहे हैं, ताकि वह अपनी व्यथा सुना सके। मजदूर करन ने बताया कि वह सभी मजदूर एक ही परिवार के हैं, जिसमें से कुछ गढ़ाकोटा और कुछ कटनी जिले के रहने वाले हैं। सभी लोग 28 दिसंबर को मजदूरी करने के लिए दमोह पहुंचे थे। झलौन बीट के वनकर्मी महेश यादव ने उन्हें गड्ढा खोदने के लिए कहा था। उन सभी लोगों ने मिलकर 29 हकार 696 गड्ढे खोदे हैं। अभी तक केवल उन्हें खर्चे के रूप में 74 हजार 900 दिए गए। अब जब वह अपनी मजदूरी मांग रहे हैं, तो विभाग के लोग मजदूरी देने से मना कर रहे हैं। उन्हें तो यह भी नहीं पता कि उन्हें प्रति गड्ढे के हिसाब से कितनी मजदूरी मिलेगी। उनसे कहा गया था कि जो सरकारी रेट है उसके हिसाब से मजदूरी दी जाएगी। अब वन विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि हमारे गड्ढे पास नहीं हुए हैं इसलिए भुगतान नहीं मिलेगा। मजबूरी है, उनके पास पैसा नहीं है इसलिए वह कलेक्टर से गुहार लगाने आए हैं, ताकि उनका भुगतान हो सके। दोपहर तक कलेक्टर कलेक्ट्रेट नहीं पहुंचे थे, इसलिए यह मजदूर उनका इंतजार कर रहे हैं।



# ऑटो रिक्शा चालकों ने किया मुहिम का समर्थन

## कटनी में मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज को लेकर मांग ने पकड़ा जोर

**कटनी, यशभारत।** कटनी में शासकीय मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग को अब ऑटो यूनियन व ऑटो चालकों के भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है, ऑटो यूनियन के अध्यक्ष बड्डे ने बताया कि, कटनी में मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों की पढ़ाई व आये दिन जबलपुर के सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज रेफर किये जाने की समस्याओं को ऑटो चालक रोजाना देखते है, और ऑटो चालकों ने बताया कि कितने ही ग्रामीण मरीजों की मृत्यु रास्ते मे ही हो जाती है और अगर कटनी में मेडिकल कॉलेज हो, तो रोजाना कई लोगो को कटनी में ही अच्छा इलाज उपलब्ध हो सकता है। पिछले 20 दिनों सेऑटो में स्टीकर्स व फ्लेक्स लगाने का कार्य चल रहा है । कटनी शहर की करीब कटनी जंक्शन, मुड़वारा, कटनी साउथ, एनकेजे , कैम्प आदि क्षेत्रों में ऑटो के माध्यम से, मेडिकल कॉलेज नही तो वोट नही और कटनी मांगे मेडिकल कॉलेज जैसे पोस्टर बैनर लगातार लगाए जा रहे है। मुहिम का उद्देश्य कटनी की जनता को मेडिकल कॉलेज के लिए जागरूक करने के साथ जनप्रतिनिधियों को सक्रिय करना है। ऑटो में पोस्टर व बैनर लगाने की मुहिम को सुयश पुरवार, शंकर साधवानी ,श्रीमती श्वेता रांधेलिया, रीतेश सागर,कृष्णा सागर, प्रेम हेमनानी, राकेश पाखरानी, जग्गी आहूजा , रोहित पांडेय, अमर राजपालानी, शिवा सैनी, साहिल खान, रोशन फेरवानी, रेज़ी खान, अक्षय जैन, रूपेंद्र गुरु, मोहित सेंधिया, अजय मिहानी, नफासत खान, मिककी रोहरा, मनोज कुमार प्यासी, विशाल प्रीतमानी, कैलाश डोडानी, देवेंद्र ताम्रकार, श्रीमती राखी मिश्रा, मनीष कुमार मौर्य, अजय देवानी, एवं आम जन की उपस्थिति रही ।



# सांसद ने रेल मंत्री के समक्ष उठाई कटनी की मांगें

## निवार में स्टापेज, स्लीमानाबाद में आरक्षण विंडों जरूरी



**कटनी, यशभारत।** कटनी खजुराहों सांसद एवं प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश भाजपा विष्णु दत्त शर्मा ने ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के संबंध में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित होकर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कटनी एवं कटनी जिले के विभिन्न रेल सुविधाओं से संबंधित क्षेत्रीय नागरिकों तथा जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से समय-समय पर रखी गई मांगों को पूरा करने के लिए अनुरोध पत्र देकर अवगत कराया। सांसद श्री शर्मा ने दक्षिण पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मण्डल के अंतर्गत रीवा जबलपुर इंटरसिटी, दयोदया एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस में से किसी एक का स्टॉपेज निवार स्टेशन किये जाने, पटना से मुम्बई गोदान एक्सप्रेस का स्टॉपेज कटनी में किये जाने, शालीमार एक्सप्रेस एवं भुज एक्सप्रेस के सप्ताह में तीन फेरे किये जाने, स्लीमनाबाद स्टेशन पर जबलपुर - चित्रकूट एक्सप्रेस, जबलपुर - अम्बिकापुर एक्सप्रेस, सिंगरौली इंटरसिटी एवं गौड़वाना एक्सप्रेस का स्थाई ठहराव किये जाने, गोदान एक्सप्रेस, इंदौर-विलासपुर, इटारसी- प्रयागराज एक्सप्रेस, कटनी-भुसावल एक्सप्रेस, भोपाल - इटारसी विध्यांचल एक्सप्रेस एवं रीवा- जबलपुर शटल को पूर्व निर्धारित समय में पूर्व निर्धारित समय में रखे जाने का अनुरोध किया गया है। स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में आरक्षण विन्डो सुविधा प्रारंभ कराने, सेन्ट्रल लाईन की व्यवस्था कराये जाने तथा स्लीमनाबाद रेलवे कांसिंग में ओवर ब्रिज / अंडर ब्रिज का निर्माण लोगों की सुविधा के लिए शीघ्र कराये जाने का भी अनुरोध किया गया है। कटनी नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन में कामायनी एक्सप्रेस, रेवांचल एक्सप्रेस एवं क्षिप्रा एक्सप्रेस का अप-डाउन स्टॉपेज किये जाने के साथ-साथ जबलपुर से प्रारंभ होने वाली जबलपुर से अमरावती, जबलपुर से भोपाल इंटरसिटी, जबलपुर-इंदौर ओवरनाईट, रानी कमलावती जनशताब्दी, सोमनाथ एक्सप्रेस वाया इटारसी एवं नागपुर एक्सप्रेस को कटनी से संचालन किये जाने का अनुरोध किया ।

### इन पर भी दिलाया ध्यान

सांसद ने निर्माण कार्यों को लेकर भी ध्यान दिलाया जिसमें अलावा सागर पुलिया रोड की ऊंचाई बढ़ाने गायत्री नगर से मंगल नगर हेतु स्टॉप डेम अंडर ब्रिज निर्माण कराये जाने, मुड़वारा रेलवे स्टेशन को सर्व सुविधायुक्त (पार्किंग, कैन्टीन) बनाने, वाशिंग किट पुरानी को पुनः चालू कराने, गायत्री नगर को जाने वाली रोड़ को चौड़ी किये जाने, कटनी जबलपुर रेल लाईन में निवार स्टेशन के पास निर्मित अंडर ब्रिज के मार्ग का सीमेन्टीकरण कराये जाने, माधव नगर स्टेशन में मुख्य ट्रेनों का स्टॉपेज किये जाने, मुख्य रेलवे स्टेशन में मंदिर के सामने की दीवार हटाये जाने एवं विगत 04 वर्षो से बंद से कटनी- चौपन पेशेंजर को शीघ्र चालू कराये जाने का अनुरोध किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना को साकार करते हुये हाल ही में प्रस्तुत बजट में संसदीय क्षेत्र खजुराहो के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन मुड़वारा, कटनी साउथ, कटनी जंक्शन, एवं रेलवे स्टेशन खजुराहो को अमृत -2 में शामिल किये जाने के लिए भारत सरकार एवं केन्द्रीय रेल मंत्री के प्रति जनता की ओर से आभार भी प्रकट किया।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-2 में रोजाना 6 शो ता. 17 से
सुबह 10.30,1.15, 4.15, 6.30,7.15 एवं रात्रि 10.15 बजे से




कलाकार- कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला आदि।
शहजादा
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




ऑडी-1 में रोजाना 4 शो ता. 17 से सुबह 11.30 1.45, 4 एवं रात्रि 9.30 बजे से
QUANTUMANIA

**In The Court Of Ist civil judge class-1**
**District Court, Katni**
**Presiding Officer : श्री अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी**
**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000012/2021)
**संध्या देवी पाण्डे ....... आवेदक Vs इलाहाबाद बैंक (इंडियन बैंक) द्वारा शाखा प्रबंधक ............ अनावेदक**
Process Id- 59/2023- **पेशी दिनांक 29.03.2023** P. No. 23/2023
प्रेषिती-**आम जनता कटनी** पता-**कटनी जिला कटनी** (म.प्र.)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संध्या देवी पाण्डेय पिता स्व. सुदामा प्रसाद मिश्रा पता वार्ड नं. 05 कुसेडी ग्राम भरौली, पोस्ट कुसेडी, तहसील मैहर, जिला सतना, म.प्र. हाल मुकाम आ.बी. 1 डीजल कॉलोनी शिवाजी वार्ड नई कटनी जंक्शन, तहसील व जिला कटनी, म.प्र. ने मृतक स्व. तारा बाई मिश्रा निवासी आर.बी. 1 डीजल कॉलोनी शिवाजी वार्ड नई कटनी जंक्शन, तहसील व जिला कटनी म.प्र. के द्वारा अपने जीवन काल में इंडियन बैंक/इलाहाबाद बैंक शाखा न्यू कटनी जंक्शन कटनी में एक खाता क्रमांक 50288642501 में डी.डी.पी. जनरल 1 वर्ष से 2 वर्ष तक लगातार योजना 60,000/- जमा किये थे उक्त संपूर्ण राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 29 मार्च 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 29 मार्च 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरा किया जावेगा यह आज तारीख 15 फरवरी 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

न्यायालय की मुद्रा

**अग्रीन्ध्र कुमार द्विवेदी**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कटनी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला कटनी, (म.प्र.)**



# विजयराघवगढ़ कॉलेज में परीक्षा आयोजित

**कटनी, यशभारत।** जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं स्वावलंबन के लिए दिए गए जैविक खेती के प्रशिक्षण का प्रथम सतत मूल्यांकन परीक्षा ली जा रही है इसी क्रम में शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ प्राचार्या डॉक्टर सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर ए के सिंह एवं सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष की सतत मूल्यांकन परीक्षा ली गई।

### सूचना

श्रीमति सीमा भेलावे नर्सिंग आफिसर के पद पर जिला चिकित्सालय में पदस्थ हूं दिनांक 06.02.2023 को मैं कुछ काम से अपने रिश्तेदार के यहां भट्टा मौहल्ला जा रहे थे तभी सागर पुलिया से लक्ष्मी पान भंडार के बीच में मेरा नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नं. V-10572 जो कि गिर गया है जिसकी काफी तलाश की लेकिन नहीं मिला। सूचना रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

**प्रार्थी- सीमा भेलावे, मो. 9479507878**

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 16 फरवरी 2023

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# फर्जी वसीयत बनाकर हड़पी विधवा महिला की जमीन

## जमीन एवं दुकान में किया अवैध कब्जा, एसडीएम कोर्ट के आदेश की अव्हेलना, मुख्यमंत्री से शिकायत



राम मनोहर लोहिया वार्ड नदीपार में किए जा रहे अवैध कब्जे की तस्वीर।

**कटनी, यशभारत।** राम मनोहर लोहिया वार्ड के अंतर्गत नदीपार में पैतृक संपत्ति का फर्जी वसीयत बनाकर अवैध रूप से कब्जा करते हुए निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर संबंधित दूसरे पक्ष द्वारा अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की जा रही है। इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से किए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिस पर पीड़ित पक्ष द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई गई, इसके बाद भी न तो अवैध निर्माण पर रोक लगाई गई है और न ही पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई। आवेदक विधवा महिला ने अब प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक को शिकायत भेजकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में राममनोहर लोहिया वार्ड नदीपार निवासी 65 वर्षीय श्रीमती फूलाबाई पति स्व. गंगा प्रसाद रैदास ने लिखित शिकायत में बताया कि उसके पति की विगत 12 जनवरी 2020 को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद से वह अपने दो पुत्रों पदम कुमार रैदास एवं गोपाल उर्फ राहुल रैदास के साथ रह रही है। बताया जाता है कि पति गंगा प्रसाद रैदास के नाम पर ग्राम कुठला पटवारी हल्का नंबर 39, राजस्व निरीक्षक मंडल मुड़वारा 1 तहसील कटनी में खसरा नंबर क्रमशः 672/1, 672/4, 672/13, 672/14 का रकबा क्रमशः 0.096, 0.025, 0.089, 0.007 राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसका कुल रकवा 0.217 हेक्टेयर है। पति की मृत्यु के बाद फूलाबाई ने फौती नामांतरण के लिए अपने अधिवक्ता से संपर्क किया। अधिवक्ता ने भूखंड के दस्तावेज मांगे। जिस पर फूलाबाई ने अधिवक्ता को सभी दस्तावेज दे दिये। बताया जाता है कि उक्त भूखंड पर किराए से दुकान चला रहे लखेरा, दानव बाबा के पास, कावस जी वार्ड निवासी मुख्त्यार अहमद ने षड़यंत्र रचते हुए अधिवक्ता से मिलीभगत करके फर्जी वसीयत तैयार की और आनन फानन में फर्जी वसीयत के आधार पर नामांतरण कराते हुए कब्जा कर लिया। बताया जाता है कि फौती नामांतरण के संबंध में जब बात की गई तो बताया गया कि फौती नामांतरण हो गया है, कुछ दिन बाद दस्तावेज मिल जाएंगे। इसी बीच राहुल रैदास द्वारा भूखंड का खसरा ऑनलाईन सर्च करवाया गया तो पता चला कि उक्त खसरा नंबर पर मुख्त्यार अहमद का नाम दर्ज हो गया है।

**राम मनोहर लोहिया वार्ड नदीपार का मामला**

### अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय में पहुंचा मामला

बताया जाता है कि फर्जी वसीयत के आधार पर हुए नामांतरण को लेकर आवेदिका फूलाबाई रैदास द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में अपील दायर की गई। जिस पर प्रकरण क्रमांक 0154 अपील 2021-22 में दिनांक 21.09.2021 को यह आदेश किया गया कि 361 वर्गफुट अनावेदक मुख्त्यार अहमद को दिये जाने एवं शेष भूखंड आवेदिका फूलाबाई व उसके पुत्रों को वापस कर उनके नाम दर्ज किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पारित आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है और भूमि व उस पर बनी दुकानों पर कब्जा कर लिया गया है। विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में बताया गया है कि पीड़ित पक्ष के हिस्से वाली भूमि व उस पर बनी दुकानों में अनावेदक द्वारा अपने रिश्तेदारों को बैठाकर उक्त भूखंड में कब्जा करके रास्ता बनाया जा रहा है, साथ ही नाली का भी निर्माण किया जा रहा है। इसकी सूचना पुलिस को दिये जाने पर भी कार्यवाही नहीं की गई। विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है एवं शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, डीजीपी, पीएचक्यू भोपाल, पुलिस महानिरीक्षक, जबलपुर, कलेक्टर, थाना प्रभारी अजाक एवं आयुक्त नगर निगम को प्रेषित की है।

# खेलों को दिनचर्या का अंग बनाना आवश्यक

### शासकीय माध्यमिक शाला मुहास में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



**रीठी, यशभारत।** विकासखंड रीठी की शासकीय माध्यमिक शाला मुहास में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षावार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रस्सी दौड़, चम्मच दौड़, फ्री दौड़, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुए जनपद पंचायत रीठी के सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि खेलों को दिनचर्या का अंग बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह छोटी-छोटी प्रतिभाएं आगे जाकर बड़ा नाम कमाएंगी। खेल जीवन में बहुत आवश्यक है। बीआरसी राकेश सिन्नरकर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए आवश्यक है कि विद्यालय स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताएं हर विद्यालय में आयोजित हों। आयोजन में प्रधानाध्यापक देवी सिंह ठाकुर, शिक्षक राजेश कंदेले, मनरेगा एपीओ अजीत सिंह, बीएसी उमाकांत दुबे, विपिन तिवारी, दुर्गेश ठाकुर, शकुंतला मिश्रा, अशोक दुबे, वंदना पाटकर, नैंसी गुप्ता, नीलिमा जैन, संजय श्रीवास्तव, रवि नामदेव आदि मौजूद रहे।

### बिचुआ सलैया में नाला तट का होगा सुदृढ़ीकरण

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा तहसील में पूर्व में निर्मित दो बड़े तालाबों झिन्ना जलाशय एवं बिछुआ सलैया जलाशय से जंगली नाले और पहाड़ी नाले जुड़े न होने के कारण जलाशय नहीं भर पा रहा है। इस मामले को कलेक्टर अवि प्रसाद ने संज्ञान में लिया है। कार्यालय जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा को इन जलाशय में जंगली नालों को जोड़ते हुए गांव और आसपास के क्षेत्रों में जल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिए। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा द्वारा बिचुआ सलैया तालाब स्थल का निरीक्षण किया। मनरेगा योजना के अंतर्गत 5.50 लाख की लागत से बिचुआ सलैया स्थित बागेश्वर नाला तट का सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया।

### सुभाष चौक में जाम से हलाकान हुए राहगीर



शहर के हृदयस्थल सुभाष चौक में कल रात घंटो जाम की स्थिति बनी रही। यहां सड़क तक लगी दुकानों और अस्त-व्यस्त पार्किंग की वजह से हर दिन इस तरह की स्थिति बन रही है। जाम की वजह से लोग परेशान होते नजर आए।

# आधारकाप में पहली बार निकलेगी भव्य शिव बारात

### विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



**कटनी, यशभारत।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जगमोहन दास वार्ड स्थित आधारकाप में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों, शिव बारात एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि पिछले दिनों आधारकाप के नागरिकों की बैठक में इस आयोजन का निर्णय लिया गया। जिसमे क्षेत्र में पहली बार भव्य शिव बारात निकाली जा रही है। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जानकारी के मुताबिक 18 फरवरी को शाम 4 बजे केसरवानी आटा चक्की के पास, ठेकेदार महेश सोंधिया के निवास के पास से शिव बारात शुरू होगी और आधारकाप के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। इसके उपरांत पूजा, अर्चना, अभिषेक, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आधारकाप के नागरिकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# राजा सरयू प्रसाद सिंह के नाम पर रखा जाए विजयराघवगढ़ कॉलेज का नाम

## कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर अभाविप ने छात्रों के साथ आजाद चौक में किया विरोध प्रदर्शन

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्याप्त समस्याओं को लेकर कॉलेज के छात्रों एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुधवार को सड़क से लेकर कॉलेज तक प्रदर्शन किया। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली अनेकों समस्याओं के निवारण के लिए पूर्व में मिले आश्वासन पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आजाद चौक में चक्काजाम किया गया। मुख्य मांगों में शासकीय महाविद्यालय आने जाने वाले मार्ग को शीघ्र बनाए जाने, कॉलेज में बीएससी एवं बी कॉम की शिक्षा की सुविधा दिलाए जाने, महाविद्यालय की भूमि में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराए जाने एवं कॉलेज के रखरखाव की व्यवस्था किए जाने की मांग शामिल है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक भी मौके पर पहुंचे एवं प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी, जिसके बाद विद्यार्थियों ने जाम समाप्त किया। विधायक श्री पाठक ने आश्वासन दिया कि एक माह में विधायक निधि से विद्यालय आने-जाने वाले मार्ग का निर्माण कराया जाएगा।





### विधायक संजय पाठक ने मौके पर पहुंचकर सुनीं छात्रों की समस्याएं, जल्द निराकरण का दिया आश्वासन

विधायक श्री पाठक ने कहा कि शासन द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाएगा। छात्रों ने कॉलेज का नाम शहीद राजा सरयू प्रसाद सिंह कराए जाने, कन्या विद्यालय की आवंटित भूमि पर शीघ्र भवन निर्माण कराए जाने की भी मांग रखी। इस दौरान इस अवसर पर एसडीएम महेश मंडलोई, नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल, एसडीओपी, थाना प्रभारी विजय सिह बघेल, पत्रकार जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, अजय त्रिपाठी, हंसराज सिंह ठाकुर, विजयराघवगढ विद्यार्थी परिषद के भाग संयोजक आदर्श बड़गैया, तरुण पांडे, अनुराग कुमार, आशुतोष सराफ, श्रेयाशु देवाशु सहित छात्र-छात्राओ की उपस्थिति रही।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान ठंडे बस्ते में

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम द्वारा कुछ दिन पहले शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान एक बार फिर ठंडे बस्ते में चला गया है। जोर-शोर से शुरू की गई मुहिम अब ठंडी पड़ती दिख रही है। चांडक चौक से घंटाघर मार्ग पर अतिक्रमण अभियान को लेकर नगर निगम प्रशासन पर कई तरह के आरोप लगाए गए। लोगों का कहना है कि पक्के अतिक्रमण हटाने की बजाए नगर निगम के अधिकारी नालियों के कव्हर तोड़कर चले गए। इस तरह की मुहिम से नगर निगम प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया है। हाईकोर्ट के निर्देशों की भी खुलेआम अव्हेलना की जा रही है। खास बात यह है कि नगर निगम प्रशासन ने इन अतिक्रमण को खुद चिन्हित किया था, इसे बाद भी इसे नहीं तोडा गया है।

# थाली घंटा बजाकर मेडिकल कॉलेज की मांग

### जिला जन अधिकार मंच ने चलाया जन जागरण अभियान



**कटनी, यशभारत।** जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापना की मांग जोर पकड़ती जा रही है। जिला जन अधिकार मंच द्वारा पिछले दिनों मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद कल बुधवार को स्टेशन चौराहा से आजाद चौक तक थाली घंटा बजाकर मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर जन जागरण अभियान चलाया गया व शहर की जनता को पोस्टर पैंपलेट के माध्यम से अपील की गई कि भाजपा सरकार के 20 साल से सत्ता में रहते हुए जिले के विकास को रोककर रखा हुआ है, जबकि जिले की जनता आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उच्च शिक्षा के लिए दूसरे जिलों पर निर्भर है। आज के इस जनजागरण मुहिम से शहर की जनता से अपील की गई है कि शहर के विकास व मूलभूत सुविधाओं के लिए सभी सहभागी बनें व जिले को मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भाजपा सरकार और उनके जनप्रतिनिधियों से सीधे सवाल करें कि जिला मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित क्यों हैं। जनजागरण मुहिम में शहर के समस्त राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों एवं आम जनता की उपस्थिति रही। अभियान में कांग्रेस के पूर्व विधायक निशिथ पटेल, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, समाजवादी पार्टी से शकील अहमद, मोहम्मद जावेद, लोकतांत्रिक पार्टी से विदेश्वरी पटेल, कम्युनिस्ट पार्टी से कामरेड विष्णु बाजपेई एडवोकेट, सामाजिक संगठनों से राजू रजक, सचिन शर्मा, प्रभात त्रिपाठी, हितेंद्र स्वर्णकार, प्रभात पांडेय, मामा कनोजिया, राजा जगवानी, आशुतोष, राजेंद्र ठाकुर, हाफिज उल्लाह एवं सैकड़ों साथियों की उपस्थिति रही।

### महाशिवरात्रि पर खिरहनी फाटक के पास जागरण का आयोजन कल

**कटनी, यशभारत।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कल 17 फरवरी को रजक परिवार द्वारा जागरण का आयोजन खिरहनी फाटक डॉ रमन के निवास के समीप शिव मंदिर में किया जा रहा है। रजक परिवार ने क्षेत्र की सभी धर्मप्रेमी जनता एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**नोटिस**

**भोपाल मंडल में संस्पेंस खाते में रखे एफ.डी के निपटारे के संबंध में**

पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों/पेंशनरों के फ्यूचर डेबिट (FD) राशि लेखा कार्यालय के संस्पेंस खाते में लंबित पडी हुई है। फ्यूचर डेबिट (FD) राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन के साथ प्रमाणित दस्तावेज जैसे पीपीओ (PPO), कार्ड पास, मेडिकल कार्ड इत्यादि संलग्न कर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हबीबगंज, के सामने भूतल पर कार्मिक विभाग के अंतिम निपटारा भुगतान अनुभाग से संपर्क करें। सभी आवश्यक एवं नवीनतम वांक्षित दस्तावेजों के समुचित जॉच उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**संपर्कः-** सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण)/भोपाल मंडल, दूरभाष संख्या – 9752416604, मुख्य कल्याण निरीक्षक/भोपाल मंडल, दूरभाष संख्या – 9752416630, email id - wcrbplsettlement@gmail.com

सेवानिवृत्त कर्मचारियों/पेंशनरों कर्मचारियों की सूची हेतु पश्चिम मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

**स्थानः** भोपाल

**दिनांकः** 13.02.2023 — *वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी/भोपाल मंडल*

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड

पता- होटल गणपति प्लाजा

लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,

मो. नं. 7389565610

(एसी रूम उपलब्ध है)




Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 17th February 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 17 to 23 Feb,2023

| Audi-01 | Show |
|---|---|
| SHEHZADA | 10.30.00 AM |
| SHEHZADA | 1.15.00 PM |
| SHEHZADA | 4.00.00 PM |
| SHEHZADA | 6.45.00 PM |
| SHEHZADA | 9.30.00 PM |
| **Audi-02** | **Show** |
| SHEHZADA | 12.00.00 PM |
| ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI | 3.00.00 PM |
| ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI | 5.30.00 PM |
| ANT-MAN & THE WASP 3D HINDI | 8.00.00 PM |
| **Audi-03** | **Show** |
| PATHAAN | 12.00.00 PM |
| PATHAAN | 3.00.00 PM |
| SHEHZADA | 6.00.00 PM |
| SHEHZADA | 9.00.00 PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# सीएम शिवराज ने सभी मंत्रियों को भोपाल बुलाया

## कैबिनेट बैठक भी होंगी, सियासी गलियारों में चर्चा तेज

**भोपाल , यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी मंत्रियों को भोपाल में बुलाया है। विकास यात्रा के बीच सभी मंत्री राजधानी में 12 घंटे रहेंगे। अचानक बैठक बुलाने से सियासी गलियारों में मंत्रिपरिषद विस्तार की अटकलें भी लग रही हैं। सीएम ने 19 जनवरी रविवार को सभी मंत्रियों को भोपाल में सुबह 9 से रात 9 बजे तक रहने को कहा है।**



जानकारी के अनुसार इस दिन कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें सभी मंत्री शामिल होंगे। इससे पहले हुई कैबिनेट की बैठक में सभी मंत्री शामिल नहीं हो सके थे। इसमें प्रदेश की आबकारी नीति, हवाई जहाज से तीर्थ दर्शन यात्रा, लाड़ली बहना योजना को लेकर स्वीकृति दी जा सकती हैं। हालांकि अभी बैठक का एजेंडा तय नहीं हुआ हैं।

### सभी मंत्रियों के साथ करेंगे पौधरोपण

रविवार सुबह मुख्यमंत्री सभी मंत्रियों के साथ पौधरोपण भी करेंगे। इस दिन सीएम के पौधा लगाने के संकल्प के दो साल पूरे हो रहे हैं। बता दें 2021 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा जयंती के दिन प्रतिदिन एक पौधा लगाने का संकल्प लिया था। अब सीएम तीन पौधे रोज लगा रहे हैं। इस अभियान में जनता को शामिल करने के लिए लगातार अपील कर रहे हैं।

### विकास यात्रा की समीक्षा करेंगे

प्रदेश में 5 फरवरी से 25 फरवरी तक विकास यात्राएं निकाली जा रही हैं। मुख्यमंत्री रविवार को विकास यात्रा की समीक्षा भी करेंगे। इसमें यात्रा के फीडबैठक को लेकर मंत्रियों को विकास यात्रा को लेकर आवश्यक निर्देश दे सकते हैं। इस बैठक में पार्टी के बड़े नेताओं के शामिल होने की भी चर्चा हैं। सीएम के अचानक मंत्रियों को बुलाने से मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर भी सियासी गलियारें में चर्चा तेज हो गई है। दरअसल बुधवार सुबह सीएम ने नागपुर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। इस मुलाकात को बहुत अहम माना जा रहा है। इससे पहले सीएम ने राज्यपाल से मुलाकात की थी। ऐसे में अंदेशा है कि सीएम ने राष्ट्रपति के आगामी प्रदेश के दौरे, विधानसभा सत्र और मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर चर्चा की होंगी। बता दें प्रदेश में अभी 23 कैबिनेट और 7 राज्यमंत्री हैं।

## ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूटने की घटना की M P के C M शिवराज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ली जानकारी

भोपाल,ईएमएस। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाशिवरात्रि पर्व पर क्राइसिस मैनेजमेंट (सुरक्षा प्रबंधन) की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुरुवार को भोपाल स्थित निवास समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूटने की घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कहीं भी कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके लिए पहले से ही सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री ने जबलपुर और रीवा प्रवास पर रहते हुए भी ओंकारेश्वर की घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। दौरे से लौटते ही इस संबंध में बैठक बुलाकर विस्तृत विवरण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेश में जगह-जगह मेले और उत्सवों का आयोजन किया जाता है। लाखों श्रद्धालु मेले, उत्सव और मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। सीएम ने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह डा. राजेश राजौरा को भीड़ को नियंत्रित करने की पुख्ता तैयारी पहले से करने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अंशुमान सिंह भी उपस्थित थे।

# मप्र की सियासत में फिर लौट रहे हैं दिग्गी

## कमल नाथ के आग्रह पर रणनीति बनाना शुरू की

**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश के लिए यह चुनावी साल है। भाजपा और कांग्रेस पूरा जोर लगाकर इस चुनाव को जीतने की तमन्ना दिल में पाले हुए हैं। भाजपा जहां विकास यात्रा निकाल रही है, वहीं कांग्रेस भी नए जतन शुरू कर रही है। एमपी कांग्रेस के चाणक्य कहे जाने वाले रणीनितकार नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की एंट्री एक बार फिर से होने जा रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने दिग्विजय सिंह को मैदान में उतरने के लिए आग्रह किया था जिसमें दिग्विजय ने हामी भर दी है। इसके लिए दिग्विजय ने रणनीति बनाना भी शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी से दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश कांग्रेस में सक्रिय हो जाएंगे और अलग-अलग विधानसभाओं का दौरा करेंगे। बता दें कि एमपी की सियासत में दिग्विजय सिंह को राजा साहेब के नाम से जाना जाता है। वो राघौगढ़ रियासत के राजा हैं।दिग्विजय सिंह सबसे पहले भोपाल के निकट स्थित बैरसिया और गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में विशेष बैठक करेंगे। इसके बाद वे पूरे क्षेत्र में घूमकर कार्यकर्ताओं और जनता से फीडबैक भी लेंगे। 17 फरवरी को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में भोपाल जिला कांग्रेस कमेटी की प्रथम सत्र की बैठक में मंडलम व सेक्टर के कार्यकर्ताओं से अकेले में मुलाकात भी करेंगे।



### सभी विंग से वन टू वन

दिग्विजय सिंह अपनी प्रस्तावित यात्रा के दौरान कांग्रेस की अलग-अलग विंग युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस और एनएसयूआई सहित अन्य समस्त मोर्चा पदाधिकारी गणों व कार्यकर्ताओं से वन टू वन मुलाकात करेंगे। वे गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में भोपाल शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक के प्रथम सत्र में मंडलम सेक्टर के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की नई रणनीति से परिचित कराएंगे। इसके बाद दूसरे सत्र में गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त मोर्चा संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

### 2018 के चुनाव जिताने में अहम भूमिका

दिग्विजय सिंह 1993 से 2003 तक मध्य प्रदेश के सीएम रह चुके हैं। उनके बाद साल 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी थी। चुनाव के पहले दिग्विजय सिंह ने पैदल नर्मदा यात्रा की थी। इससे संगठन में काफी मजबूती मिली थी। साल 2018 के चुनाव जिताने में उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका मानी गई थी। हालांकि यह सरकार करीब 15 महीने ही चलकर गिर गई थी।

# एम्स भोपाल मरीजों को परोसने लगा ज्वार, बाजरा, रागी और मक्के से तैयार भोजन

**भोपालयशभारत।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल प्रदेश का पहला एम्स बन गया है, जिसने बुधवार से मरीजों को ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो और मक्के जैसे मोटे (श्रीअन्न) अनाज से तैयार भोजन परोसने की शुरुआत कर दी है। एम्स प्रशासन मोटे अनाज के बारे में मरीजों को समझा रहा है और फायदे बता रहा है। चिकित्सकों के अनुसार मोटे अनाज से तैयार भोजन हृदय रोग, मधुमेह, मोटापे, शुगर, थायरायड, पीलिया, एंटी कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए फायदेमंद है। मोटा अनाज ग्लूटिन मुक्त होता है। उल्लेखनीय है कि एम्स भोपाल के आहार विभाग ने मोटे अनाज का उपयोग करके व्यंजन बनाने की विधि भी स्वयं विकसित की है। अनाज की उपलब्धता के लिए स्थानीय किसानों से अनुबंध किए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 का प्रस्ताव रखा था। इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार किया है। इसके बाद मरीजों को मोटे अनाज का भोजन दिया जाना शुरू किया गया है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डा.) अजय सिंह कहते हैं कि हम अपने रोगियों के आहार में मोटे अनाज को शामिल कर बहुत उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि यह उन्हें आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करेगा, जो उनके जल्द ठीक होने के लिए जरूरी है। हम लोगों को भी मोटे अनाज से तैयार भोजन के लिए प्रेरित करेंगे। प्रबंधन ने जागरूकता अभियान शुरू किया है।



### सीएम ने किया ट्वीट, स्वास्थ्य मंत्री ने सराहा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मरीजों को मोटे अनाज से तैयार भोजन देने की व्यवस्था शुरू होने पर ट्वीट करके खुशी जाहिर की है। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने भी एम्स के इस प्रयास को सराहा है।

## अरेरा कालोनी में पाइप लाइन लीक होने से धंसी सड़क, यातायात बाधित

भोपाल यशभारत। ई-7 अरेरा कालोनी में बुधवार सुबह कोलार पाइप लाइन लीक होने से शैतान सिंह चौराहे के पास 50 फीट लंबी सड़क धंस गई। इस वजह से सेंट्रल बैंक से शैतान सिंह चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे जलकार्य विभाग के कर्मचारियों ने उक्त क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बंद कर दी और पाइप लाइन की मरम्मत का काम शुरु कर दिया। इससे गुरुवार को होने वाली जलापूर्ति बाधित होने से एक दर्जन कालोनी के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।जोन क्रमांक छह में जलकार्य शाखा के इंजीनियर दीपक सोराडा ने बताया कि सुबह छह बजे शैतान सिंह चौराहे के पास कोलार की पाइप लाइन लीके होने की सूचना मिली थी। इसके बाद कर्मचारियों ने मौके पर जाकर जालापूर्ति बंद कर दी थी।

# कुत्ते से बचने के लिए भागे सात साल के बालक को डंपर ने रौंदा, मौत

**भोपाल ईएमएस।** परवलिया सड़क थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर बुधवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रहे एक डंपर ने सात साल के बालक को रौंद दिया। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि एक कुत्ता बालक के पीछे दौड़ा था। उससे बचने के लिए भागते समय वह डंपर की चपेट में आ गया था। दुर्घटना होते ही चालक मारपीट से बचने के लिए डंपर से उतरकर थाने में घुस गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने थाने के सामने एक घंटे तक प्रदर्शन किया। वे लोग आबादी वाले क्षेत्र से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे थे। उधर इस मामले में हादसा होने के लगभग एक घंटे बाद डंपर में भरे कोपरे की रायल्टी की रसीद जारी होने की बात भी सामने आई है।



परवलिया सड़क थाना पुलिस के मुताबिक परवलिया सड़क ग्राम पंचायत के पास रहने वाले मनोज विश्वकर्मा निजी काम करते हैं। उनका सात वर्ष का बेटा सिद्धार्थ उर्फ छोटू दूसरी कक्षा में पढ़ता था। बुधवार शाम छह बजे दोस्तों के साथ घर के पास खेल रहा था। इस दौरान शाहपुर परविलया की तरफ से कोपरा भरकर आ रहे डंपर ने छोटू को रौंद दिया। हादसा होते ही आसपास के लोग दौड़े। उन्हें देखकर चालक डंपर से उतरकर थाने में घुस गया। पुलिस ने डंपर जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाने के वाहन से शव अस्पताल भेजा परविलया सड़क थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया कि घटना के समय आसपास कोई एंबुलेंस मौजूद नहीं थी। फोन लगाने पर भी एंबुलेंस मौके पर नहीं आती दिखी, तो थाने के वाहन से बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खेलने के दौरान एक कुत्ता छोटू के पीछे दौड़ पड़ा था। उससे बचने के लिए भागते समय वह डंपर की चपेट में आ गया था।
इस क्षेत्र में परवलिया से रसूलिया रोड, मुगालिया हाट से पुरा छिंदवाड़ा रोड , परवलिया से तारासेवनिया रोड परस्पीड ब्रेकर नहीं बने हैं। इस इलाके में कई स्टोन क्रेसर संचालित हो रहे हैं। इस वजह से लगातार भारी वाहन इन सड़कों पर दौड़ते हैं। साथ ही सड़कों पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से हादसे हो रहे हैं। इससे पहले नवदुनिया ने आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।

## आइएएस अनिरुद्ध मुखर्जी पर कार्रवाई के लिए लोकायुक्त ने राज्यपाल से की सिफारिश

**भोपाल यशभारत।** उज्जैन के दताना-मताना हवाई अड्डे के रखरखाव के मामले में हाईकोर्ट में दिए गए जवाब में सरकार के हितों की अनदेखी करने का आरोप लोकायुक्त संगठन ने आइएएस अधिकारी अनिरुद्ध मुखर्जी पर लगाया है। लोकायुक्त ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को पत्र लिखकर मुखर्जी के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश की है। मामला पूर्व आइएएस अधिकारी कवींद्र कियावत की याचिका पर हाईकोर्ट में जवाब देने का है। मुखर्जी उस समय विमानन विभाग में प्रमुख सचिव थे। अभी लोक परिसंपत्ति विभाग में प्रमुख सचिव हैं। अब राज्यपाल इस मामले में अलग से जांच भी करा सकते हैं।हवाई अड्डे का रख्रखाव निजी कंपनी को देने के बाद हुई आर्थिक अनियमितता की शिकायत इंदौर के पीयूष जैन और भरत बामने ने 2016 में लोकायुक्त में की थी। दोनों ने अलग-अलग शिकायत में आरोप लगाया था कि हवाई पट्टी के उपयोग और रखरखाव का काम पीपीपी मोड पर यश एयरवेज को दिया गया था। बाद में कपनी का नाम मेसर्स सेंटार एविएशन हो गया था। शिकायत में कहा गया था कि कंपनी ने नौ साल तक लीज रेंट नहीं चुकाया। इस दौरान उज्जैन में पदस्थ रहे कलेक्टरों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

## राशन की दुकान में मिलावटी प्लास्टिक चावल मिलने का आरोप

### अधिकारी बोले- वह विटामिन वाले चावल

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल में राशन की दुकान में मिलने वाले चावल में प्लास्टिक चावल मिलने की शिकायत आई है। इसको लेकर लोगों ने कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को शिकायत की है। बुधवार को पीसी शर्मा ने बताया कि अलग-अलग इलाकों से लोगों ने राशन की दुकान से मिले चावल में प्लास्टिक के समान चावल मिलने की शिकायत की हैं। शर्मा ने कहा कि उनके पास अलग-अलग इलाकों से लोगों ने शिकायत की हैं। यदि प्लास्टिक का चावल है तो यह लोगों की जान से खिलवाड़ हैं। इसकी विभाग के अधिकारियों को जांच करनी चाहिए।वहीं, इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी तरुण पिथोड़े ने कहा कि प्लास्टिक का चावल कुछ नहीं होता है। यह फोर्टिफाइड राइस कर्नेल हैं। इसे चावल के आटे में विटामिन और आयरन मिलाकर बनाया जाता है। जिसे बाद में चावल का ही आकार दे दिया जाता है। फिर सामान्य चावल में एक प्रतिशत फोर्टिफाइड राइस कर्नेल मिला दिया जाता है। इससे लोगों में आयरन की कमी दूर होती है। साथ ही विटामिन बी-12 मिलता हैं। यह चावल सामान्य चावल से थोड़ा अलग दिखता है, इसलिए लोगों में प्लास्टिक के चावल समझ लेते हैं। बता दें एक अध्ययन के अनुसार देश में 50 से 60 प्रतिशत लोगों में आयरन की कमी हैं। इसको दूर करने के लिए ही फोर्टिफाइड राइस तैयार किया गया हैं। इसे पोषणयुक्त चावल भी कहा जाता हैं।

## नाबालिग आटो चालक साथियों की मदद से सवारियों से करता था लूट, पुलिस ने धर लिया

**भोपाल यशभारत।** पुराने शहर में एक नाबालिग आटो चालक अपने आटो में सवारी बिठाता था। इसके बाद सुनसान इलाके में अपने साथियों की मदद से मारपीट कर यात्री को लुटवा लेता था। साथी बदमाश दिखावे के लिए आटो चालक से मारपीट कर वहां से भगा भी देते थे। लगभग 200 सीसीटीवी के फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने इस आटो रिक्शा गैंग का पदार्फाश किया है।डीसीपी, जोन-तीन रियाज इकबाल ने बताया कि पटेल नगर निवासी मलखान सिंह पटेल ने 12 फरवरी की रात में हनुमानगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि वह नादरा बस स्टैंड से करोंद मंडी जाने के लिए आटो में सवार हुआ था। रास्ते में दो और युवक आटो में सवार हो गए थे। सुनसान स्थान पर उसके साथ रास्ते में बैठे दोनों युवकों ने मारपीट कर मोबाइल फोन और 500 रुपये लूट लिए। लूट का केस दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद संदेह के आधार पर एक नाबालिग आटो चालक को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपने भाई शाहवेज उर्फ शाहरुख और उसके दोस्त नदीम उर्फ छोटू के साथ मिलकर मलखान के साथ लूट करने वारदात कुबूल कर ली।

# मध्य प्रदेश में प्रत्याशियों के चयन में राजनीतिक दलों का सर्वे पर रहेगा सबसे ज्यादा बल

**भोपाल यशभारत।** इस वर्ष के अंत में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन में सबसे ज्यादा बल सर्वे पर रहेगा। निजी एजेंसियों और पार्टी संगठन के माध्यम से मैदानी सर्वे कराया जा रहा है। भाजपा का एक सर्वे पूरा हो गया है।
इसकी रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और संगठन के प्रमुख लोगों के पास पहुंच गई है। कांग्रेस निजी एजेंसी से सर्वे को नकार रही है, लेकिन पार्टी के ही भरोसेमंद लोगों से संभावित उम्मीदवारों के बारे में राय ली जा रही है। भाजपा के एक सर्वे की रिपोर्ट करीब दो महीने पहले तैयार हो चुकी है। इस रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री एक-एक विधायकों से चर्चा भी कर चुके हैं। उन्होंने इस रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्र में कमजोर पक? वाले विधायकों को चेताया भी था। टिकट वितरण के पहले पार्टी एक और सर्वे कराएगी।



निजी एजेंसियों के अलावा संगठन मंत्रियों और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला पदाधिकारियों की राय भी ली जाएगी। उधर, कांग्रेस का जोर अपने ही संगठन के लोगों और कार्यकर्ताओं से संभावित उम्मीदवारों के बारे में राय लेने पर है। जातिगत समीकरणों को भी टटोला जा रहा है।
उधर, बहुजन समाज पार्टी भी इस बार प्रत्याशियों के चयन के पहले सर्वे करा रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल ने कहा कि सर्वे की रिपोर्ट पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के पास पहुंचेगी। टिकट देने का निर्णय भी वहीं करेंगी। पार्टी सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सबसे पहले उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े जिलों की विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी

# रुद्राक्ष महोत्सव का शुभारंभ,सुबह से ही बढ़ी भीड़, हाइवे पर लगा लंबा जाम

**भोपाल, यशभारत। सीहोर मुख्यालय से सात किमी दूरी पर भोपाल इन्दौर राजमार्ग पर स्थित ग्राम हेमा चितावलिया में बने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में गुरुवार से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा और रूद्राक्ष वितरण कार्यक्रम शुरू हो गया है। जहां अलसुबह से ही हजारों वाहन एक साथ पहुंचने से 70 एकड़ में पांच स्थानों पर बनाई गई पार्किंग फुल हो गई।**

इसके बाद लोगों ने हाइवे सहित ग्रामीण क्षेत्र के रास्तों में वाहन खड़े करना शुरू हो कर दिए, वहीं बड़े वाहनों के प्रतिबंध होने के बाद भी प्रवेश कर गए, जिससे सुबह छह बजे से हालात बिगड़ना शुरू हो गए, जिससे समिति व प्रशासन के इंतजाम ध्वस्त हो गए। जब हालात बिगड़ने लगे तो सीहोर के पास सोयाचौपाल व सोंडा के पास से वाहनों के प्रवेश रोकना शुरू कर दिया। ऐसे में श्रद्धालु पैदल ही कुबेरेश्वर धाम जाना शुरू कर दिया।



### कतार में लगे कुछ लोग बेहोश

कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे रुद्राक्ष वितरण किए जा रहे है, जिसको लेकर दो से तीन किमी लंबी कतार में श्रद्धालु लगे हुए हैं। ऐसे में उन्हें घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। यही कारण है कि रुद्राक्ष के लिए लोगों में होड़ लगी हुई है, वहीं यह भी खबर है कि 10 से अधिक लोग बेहोश हो गए है, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि अव्यवस्था होने से बैरिकेड्स भी टूट गए है, जिससे भगदड़ जैसे हालात हो गए थे।
सात दिवसीय रुद्राक्ष वितरण महोत्सव का गुरुवार को पहला दिन है। हालांकि 15 फरवरी की कुबेरेश्वर धाम में अपार भीड़ पहुंचने से एक दिन पहले ही रुद्राक्ष वितरण शुरू कर दिया था। क्योंकि आयोजन के दो दिन पहले से हजारों लोग कुबेरेश्वर धाम पहुंच गए थे, जिसके चलते एक दिन पहले से रुद्राक्ष वितरण शुरू किया गया था, लेकिन इसकी सूचना कम लोगों को थी। इएलिए गुरुवार को रुद्राक्ष लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस अपार भीड़ के कारण इंदौर-भोपाल हाइवे पर जाम लगना शुरू हो गया है। साथ ही मोबाइल का नेटवर्क भी जाम हो गया है। दोपहर तक लगातार वाहनों की आवाजाही रहेगी ऐसे में जाम खुलना मुश्किल रहेगा।

### सीएम शिवराज भी होंगे शामिल

रुद्राक्ष महोत्सव में पहले दिन सीएम शिवराज सिंह चौहान के भी आने की सूचना है। सीएम दोपहर बाद साढ़े तीन बजे कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे।बताया जा रहा है कि जब भोपाल की तरफ कुबेरेश्वर धाम जो? से 6 किमी तक चौपाल सागर तक है और इंदौर रोड पर भी करीब 6 किमी लंबा जाम है। इसके साथ ही फंदा और अमलाहा टोल पर वाहनों की लंबी कतार है, जिसमें लोग फसे हैं। तमाम सावधानी के बाद भी जाम के हालात बीते साल की तरह ही हैं। इस आयोजन में शामिल होने महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से सबसे ज्यादा लोग आ रहे हैं।

# एनएचएम भर्ती पर्चा लीक मामले में कंसल्टेंसी संचालक के खाते में आए थे 41 लाख रुपये

**भोपाल,यशभारत।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) के संविदा स्टाफ नर्सिंग भर्ती परीक्षा पर्चा लीक मामले में ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने भोपाल के कंसल्टेंसी एजेंसी के संचालक को भी आरोपित बना लिया है। यह आरोपित एमपीनगर जोन-वन में प्रेस काम्प्लेक्स स्थित अलकनंदा काम्पलेक्स की तीसरी मंजिल पर अपना कार्यालय खोलकर पर्चा लीक का गोरखधंधा चला था। उसके खाते में इस पर्चा लीक के सरगना के एक गुर्गे के खाते से ही 41 लाख रुपये आने के सबूत क्राइम ब्रांच को मिले हैं।जानकारी के मुताबिक भोपाल की सिनेरियो स्टाकिंग सर्विसेज कंपनी नाम से कंसल्टेंसी एजेंसी चलाने वाले अमित गहरवार को ग्वालियर पुलिस ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। उसके खाते में डेढ़ करोड़ रुपये जमा हैं, इसमें से 41 लाख रुपये के लेनदेन एनएचएम के सरगना पुष्कर पांडे के खास गुर्गे धनंजय पांडे के खाते से हुआ। एएसपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि अमित गहरवार ने पूछताछ में बताया कि करीब डेढ़ साल में सवा करोड़ रुपये पुष्कर की ओर से उसके पास आए हैं, बाकी पैसा उसका ही है।एनएचएम पर्चा लीक कांड का मुख्य आरोपित पुष्कर जब भोपाल आया था, तब अमित गहरवार से उसकी मुलाकात चाय की दुकान पर हुई थी। उसे रुपयों के लेनदेन के लिए एक खाते की जरूरत थी, इसमें वह रुपये जमा करवाना चाहता था। इसके एवज में दो प्रतिशत कमीशन अमित को देना तय हुआ और इसके बाद इसी अनुसार लेनदेन शुरू हो गया।

# बरही कॉलेज को डीएमएफ मद से मिलेगी सौगात !

## कलेक्टर के निरीक्षण के बाद जागी विकास की आस



### अतिरिक्त कक्ष निर्माण व खेल मैदान समतल कराने की मांग, कालेज की व्यवस्था देख कलेक्टर ने की तारीफ, कमियों को दूर करने आश्वासन

**बरही,यशभारत।** करीब 3 हजार विद्यार्थियों की विशाल संख्या वाले बरही के सरकारी कालेज की नब्ज टटोलने कटनी के संवेदनशील कलेक्टर अवि प्रसाद निरीक्षण के दौरान कालेज की चाक-चौबंद व्यवस्था देख कालेज प्रिंसिपल से पूछ लिया कि क्या आपको अभी तक कोई सम्मान नही मिला है, जैसे गणतंत्र व सवतंतता दिवस के दिन बेहतर कार्य पर सम्माननित किया जाता है, प्रिंसिपल ने कहा नो सरए कलेक्टर ने प्रिंसिपल का नाम लिखने मौके पर ही निर्देशित किया।प्रिंसिपल डॉ आर के वर्मा में संसाधनों की कमी का हवाला दिया, जैसे महज 6 कमरों में अध्यापन कार्य कराने की मजबूरी, खेल मैदान का समतलीकरण करने की मांग के साथ ही नियमित प्राध्यापकों की कमी को पूरा कराने का आग्रह किया गया। जाते-जाते कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रिंसिपल से पूछ लिया कि 4 अतिरिक्त कमरों के निर्माण से व्यवस्था बन जाएगी क्या ! कलेक्टर के इस सवाल से साफ झलक रहा है कि डीएमएफ मद की राशि से बरही के सरकारी कालेज में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराने की सौगात मिलने की सम्भवना है।

#### इंस्ट्रूमेंट की कमी है सर

निरीक्षण के दौरान बीएससी की एक छात्रा ने कलेक्टर से कहा कि सर प्रेक्टिकल के लिए इंस्ट्रूमेंट की कमी है, जिस पर कलेक्टर ने प्रिंसिपल से पूछा कि कॉलेज जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष कौन है जनभागीदारी निधि से इंस्ट्रूमेंट की व्यवस्था की जाए।

#### जनभागीदारी से कराए समतलीकरण

खेल मैदान के समतलीकरण की मांग पर कलेक्टर ने मिट्टी, मुरुम की व्यवस्था कराने की बात करते हुए निर्देशित किए की जनभागीदारी सहभागिता के माध्यम खेल मैदान को समतल कराने के लिए स्वमसेवको को प्रेरित किया जाए।

#### 353 करोड़ की राशि की होगी पड़ताल

4 साल पूर्व बरही के सरकारी कालेज में अतिरिक्त भवन निर्माण के साथ ही अन्य संसाधनों के विकास के लिए शासन द्वारा 353 करोड़ की राशि जारी की गई थी, जिस राशि का आज तक पता नही चला कि आखिर वह राशि बरही कालेज पहुँचने के पहले कहा गुम हो गई, कालेज प्रिंसिपल द्वारा इस बात की जानकारी देने पर कलेक्टर ने कहा कि हम पता करवाते है कि 353 करोड़ कहा है।



# सिमराड़ी, बडगांव, घिनौची, चोरी और खिरवा में जल्द खुलेगी राशन दुकान

### उचित मूल्य दुकान आवंटन हेतु ऑनलाइन आवेदन 22 फरवरी तक

**कटनी,यशभारत।** जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानविहीन विकासखंड रीठी की चार पंचायतों सिमरा नंबर 1, सिमराड़ी, बडगांव, घिनौची तथा विकासखण्ड विजयराघवगढ़ की दो पंचायतों खिरवा नंबर 2 एवं चोरी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन किया जाना है, जिसके संबंध में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले के प्राथमिक सहकारी साख समितियां, वन समितियां, विपणन संस्था, महिला स्व सहायता समूहों से एम राशन मित्र पोर्टल के माध्यम दुकान आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रण की तिथि 13 फरवरी निर्धारित थी जिसे अब आगे बढ़ाकर 22 फरवरी 2023 कर दी गई है। उचित मूल्य दुकान आवंटन की कार्यवाही शासन निर्देशानुसार की जा सक इस हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी ने कार्यक्षेत्र के प्राथमिक सहकारी साख समितियां, वन समितियां, विपणन संस्था, महिला स्व सहायता समूहों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि तक दुकान आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

## 377 ग्रामों में पहुंची विकास यात्रा



कटनी,यशभारत। विकास यात्रा का आयोजन जिले भर मे समारोहपूर्वक किया जा रहा है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 377 ग्रामों और नगरीय निकाय के 15 वार्डों मे विकास यात्रा निकाली जा चुकी है।

# सायना में विशाल रोजगार मेले का आयोजन

## जिले भर के युवाओं को मिल सकेंगे रोजगार के अवसर



**कटनी,यशभारत।** सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मेनेजमेंट स्टडीज कटनी द्वारा विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जा दिनांक 18 मार्च 2023 को सायना महाविद्यालय परिसर झिंझरी कटनी में आयोजित होगा । सायना महाविद्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेला जो कि पूर्व में भी देश की प्रतिष्ठित कंपनीज व विभिन्न सेक्टर्स के प्रतिनिधियों द्वारा हजारों युवक/युवतियों को चयन कर रोजगार दे चुके है । प्रत्येक वर्ष रोजगार मेले का आयोजन आयोजित किया जाता रहा है किन्तु कोरोना काल में यह आयोजन संभव नहीं हो पाया । कोरोना काल के पश्चात यह पहला अवसर है जहाँ संपूर्ण कटनी जिले के लोगों को आमंत्रित की गई प्रतिष्ठित कंपनीज जैसे. जो जो इटरनेशनल मन्नापुरम फायनेंस नेचुरल्स आइसक्रीम बंधन बैंक एलआईसी हाइक एजुकेशन, अनंदा इम्पीरियल होटल, ज्योमिन, यूरोप्रतीक, कैरियर फॉर यू, निर्मल छाया नेचर रिसोर्ट सायाजी ग्रुप ऑफ होटल्स, सायना इंटरनेशनल होटल, बैंक, इंजीनियरिंग, आईटीआई टीचिंग आदि प्रतिष्ठित सेक्टर्स के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे । इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिये सभी को ऑनलाइन/ऑफलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा । सायना महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष रोजगार मेला का आयोजन कर हजारों बेरोजगार युवाओं को उनका रोजगार स्थापित करने में सहायक रहा है । आज सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मेनेजमेंट स्टडीज कटनी द्वारा प्रेस कॉफ्रेंस का आयोजन कर जिले भर के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार के पत्र पत्रिका व प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथियों से प्रेस मीट का आयोजन कर इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई । साथ ही प्रमुखता से प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करने की अपील की गई एवं सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा द्वारा रोजगार मेला आयोजन के संबंध में चर्चा की गई । साथ ही सायना महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सी.राजेश कुमार द्वारा कार्यक्रम के आयोजन में पधार रहे प्रमुख सेक्टर्स व प्रतिनिधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कटनी जिले के समस्त प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथियों की उपस्थिति रही ।



# इमलिया में 15 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

**कटनी,यशभारत।** विकास यात्रा के नवमें दिन सोमवार को मुड़वारा विधानसभा के ग्राम पंचायत इमलिया से प्रारंभ हुई, कटनी मुड़वारा के लोकप्रिय विधायक संदीप जायसवाल जी ने इमलिया के 15 लाख रूपये की लागत से निर्मित अमृत सरोवर तालाब का लोकार्पण किया गया। विकास यात्रा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। विकास यात्रा का समापन ग्राम धपई में जनसभा आयोजित की जाकर किया गया। विकास यात्रा के दौरान जनपद उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, अस्वनी गौतम, संदीप दुबे , मनीष दुबे, जगदीश पटेल, महेश शुक्ला, पप्पू साहू जनपद सदस्य, अभिषेक शर्मा, चन्द्रेश मिश्रा, नीरज दुबे, सौरभ अग्रवाल, विवेक गुप्ता,एस डी एम कटनी,सी ओ कटनी,सरपंच,सचिव अधिकारी कर्मचारीगण उपस्तिथि रहें।

# पेयजल संकट से निपटने ग्राम डिहुटा एवं छितरवारा में बोरिंग का काम शुरू



**कटनी,यशभारत।** जिले के सबसे अधिक पेयजल समस्या मूलक 9 गांवों में नवीन हैंडपंप उत्खनन हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के बाद विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत डिहुटा की इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 तथा ग्राम पंचायत बिचुआ के ग्रम छितवारा मे बिहारी आदिवासी के घर के पास सोमवार को बोरिंग का काम शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने बहोरीबंद के डिहुटा के इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6, छितवारा जी द्वारा ग्राम के बिहारी आदिवासी के घर के पास, रीठी के ग्राम हरदुआ के आदिवासी मोहल्ला में, बड़वारा के रोहनिया हाई स्कूल परिसर में और विजयराघवगढ़ के ग्राम बेलापुर वार्ड क्रमांक एक में तथा ढीमरखेड़ा के ग्राम डाला बस्ती में तथा कटनी पहाड़ी चिराई घर वार्ड क्रमांक 16 तथा जोबीकला वार्ड क्रमांक एक में आंगनबाड़ी भवन व आदिवासी मोहल्ला के बीच में नवीन हैंडपंप उत्खनन की अनुमति प्रदान की थी। इसमें से रीठी के बरियारपुर बस्ती में रविवार को हैंडपंप उत्खनन का कार्य करा दिया गया था। सोमवार को विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत डिहुटा की वार्ड क्रमांक 6 इंदिरा कॉलोनी तथा ग्राम पंचायत बिचुआ के ग्रम छितवारा मे बिहारी आदिवासी के घर के पास बोरिंग का काम शुरू हो गया। डिहुटा में शीत होने की वजह से पानी नहीं निकलने के कारण एक सप्ताह बाद पुनः बोरिंग का प्रयास किया जायेगा। जबकि ग्राम छितवारा में सफलता पूर्ण बोरिंग की गई। शेष सभी स्थानों में जल्दी ही यह कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नॉमिनी बनाने का प्रावधान

**कटनी,यशभारत।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत चयनित पात्र हितग्राही परिवारों को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा आधार ओ.टी.पी. के आधार पर प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण विफल रहने की स्थिति में उपभोक्ताओं को आधार सेंटर में जाकर आधार अपडेशन कराने पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण होने लगता है अथवा आधार को मोबाइल से लिंक कराने पर आधार ओ.टी.पी. के आधार पर टाशन सामग्री का वितरण होता है, किन्तु एक अथवा दो सदस्यीय ऐसे परिवार जिनमें दोनों सदस्य वृद्ध हैं और आधार से मोबाइल नंबर भी लिंक कराना संभव नहीं है, उनमें नॉमिनी बनाने का प्रावधान किया गया है। नॉमिनी बनाने के लिये परिवार के सभी सदस्यों का केवाईसी सफल होना आवश्यक है। जिस व्यक्ति को नामिनी बनाया जा रहा है. यह उसी दुकान का पात्र हितग्राही होना चाहिये नामिनी बनाने के लिये शासन के द्वारा निर्धारित प्रारूप में उपभोक्ता आवेदन उचित मूल्य दुकान में करेगा आवेदन पत्र के साथ हितग्राही की पात्रता की छायाप्रति नॉमिनी की पात्रता पर्ची और आधार नंबर की छायाप्रति संलग्न किये जाने का प्रावधान है नॉमिनी बनाने के लिये शासन के द्वारा दोनों का निर्धारित प्रारूप शासकीय उचित मूल्य दुकान पर उपलब्ध है। पात्र हितग्राही परिवार नामिनी का आवेदन पत्र शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता को प्रस्तुत कर सकते है विक्रेता से क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नामिनी का आवेदन प्राप्त कर एईपीडीएस पोर्टल पर नॉमिनी बनाने की कार्यवाही की जाती है। उपभोक्ताओं के पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक असफल होने पर उक्तानुसार कार्यवाही कर खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

# सहायक यंत्री रीठी और बहोरीबंद को शोकाज नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों की स्वीकृति के संबंध में त्वरित कार्यवाही और निर्माणाधीन, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। यह निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने मंगलवार को निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में सीईओ श्री गेमावत ने सहायक यंत्रीयों से विकासखंडवार निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान सहायक यंत्री रीठी मनोज कौशल द्वारा अपूर्ण, भ्रामक और तथ्यपरक जानकारी नहीं दिए जाने एवं बहोरीबंद के सहायक यंत्री एस के पांडे के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किएए तथा अधिकारियों को अद्यतन और वास्तविक जानकारी के साथ आगामी बैठक में उपस्थित होने को कहा गया। अमृत सरोवर एवं पुष्कर धरोहर योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों के पूर्णता और मनरेगा योजना के अंतर्गत पुराने निर्माण कार्यों की पूर्णता की समीक्षा विस्तार से की गई। इस दौरान वर्ष वार प्रगति की जानकारी ली गई। वर्ष 2017-18 से अभी तक के अपूर्ण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश सीईओ गेमावत ने तकनीकी अधिकारियों को दिए। उन्होंने तालाबों के स्थल चयन के संबंध में स्पष्ट रूप से कहा कि बारिश से एकत्रित होने वाले पानी से जल संचय एवं जलभराव पर्याप्त मात्रा में होए इसका भलीभांति परीक्षण किए जाने के उपरांत ही नवीन कार्य प्रारंभ कराया जाए। सुदूर सड़क योजना के नवीन निर्देशों के तहत प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली जाकर समीक्षा की गई। सीईओ ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभागीय निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। अधूरे निर्माण कार्यों को तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने मनरेगा योजना के अंतर्गत विगत माह एवं वर्तमान माह में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र सीसी जारी किए जाने की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्ण कार्यों की सतत निगरानी करते हुए सीसी जारी की जाए। समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री गौरीशंकर खटीक, प्रभारी अधिकारी मनरेगा आशुतोष खरे एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# सेक्रेड हार्ट स्कूल के बारहवीं के छात्रों को जूनियर छात्रों ने दी विदाई

**कटनी,यशभारत।** प्रियदर्शनी बस स्टैंड के सामने दिनों दृ दिन उन्नति और विकास की ओर अग्रसर 43 साल पुराना सेक्रेड हार्ट आंग्ल माध्यम विद्यालय में कक्षा बारहवीं के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को कनिष्ठ वर्ग के छात्र ग्यारहवीं के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ईश्वरदास पुरवार एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के.एम.गट्टानी, उपाध्यक्ष श्रीकांत गट्टानी, अभिषेक गुप्ता, अमित चौदहा, गोपालाचारी गुप्ता, विद्यालय प्राचार्य अभिषेक बनर्जी की उपस्थिति गरिमामयी रही। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों एवं वरिष्ठ छात्रों की आगवानी हेतु कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने बैण्डबाजे के साथ हर्ष-हर्ष, जय-जय घोष नारे के साथ मंच तक लाया गया। अध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वतीजी की प्रतिमा में तैलचित्र पर पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात मधुर संगीत के माध्यम से स्वागत गीत और भाषण प्रस्तुत किया गया।

बडों का सम्मान और अतिथियों के प्रति प्रेम भावना अभिव्यक्त करते हुए कनिष्ठ छात्रों द्वारा वरिष्ठ छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मान किया गया द्य तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्रीकांत गट्टानी ने भविष्य और परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा आपके लक्ष्य के अनुसार जिंदगी की शुरुआत होती है। दिए गए संस्कारों और अपने गुरुजनों को याद रखना हमारा परम कर्तव्य है।

अध्यक्ष के.एम. गट्टानी ने अपना विद्यालयीन समय का संस्मरण याद कराते हुए अनुशासन का महत्व बताया। कहा कि हम शतप्रतिशत गुणवान हो लेकिन अनुशासन के बिना सब व्यर्थ हैं। एक शुभ सन्देश यह भी दिया कि विद्यालय में जीई तथा नीट की तैयारी के लिए दसवीं से बारहवीं कक्षा के लिए फिजिक्स वाला की कोचिंग की शुरुआत विद्यालय ने प्रारम्भ कियाए सुन्दर बगिया की तरह लहलहाती नर्सरी कक्षा का प्रारंभ कर दिया गया है।

जिससे हमारे छात्र- छात्राएँ लाभान्वित हो सकेंगे। कार्यक्रम के प्रभारी उपप्राचार्य प्रदीप शर्मा, सुनील मिश्रा, श्रीमति सुनीता गोविल, दीपक उपाध्याय, दीपक खम्परिया एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# 324 में 73 कार्य ही पूर्ण हो पाए जल जीवन मिशन के, 11 में काम भी शुरू नहीं

**कटनी,यशभारत।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत लापरवाही बरतने और वांछित प्रगति नहीं लाने वाली अनुबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जावे । इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने मंगलवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को दिए। समीक्षा बैठक में सीईओ श्री गेमावत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण योजनाओं, प्रगतिरत परियोजनाओं रोड रेस्टोरेशन, पूर्ण परियोजनाओं के ग्राम पंचायत को हस्तांतरण की कार्यवाही और हर घर जल ग्राम सत्यापन के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री संतलाल कोरी ने जल जीवन मिशन अंतर्गत विधानसभा वार जारी कार्य आदेश एवं वित्तीय लागत के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जल जीवन मिशन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि



जारी 324 कार्य आदेश के विरुद्ध 73 कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं 240 कार्य प्रारंभ है, जबकि 11 कार्य आरंभ नहीं हुए हैं। उन्होंने पूर्ण योजनाओं की हस्तांतरित की गई योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दी। सीईओ श्री गेमावत ने जनपद वार समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल संकट की भयावहता को देखते हुए अपूर्ण एवं प्रगतिरत योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। सीईओ ने वांछित प्रगति नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाली एवं वांछित प्रगति नहीं लाने वाले निर्माण एजेंसी के विरुद्ध अनुबंध निरस्त करने और ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाए। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला कोऑर्डिनेटर कमलेश सैनी एवं पीएचई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापरवाही पर उपयंत्री से मांगा जवाब

विकासखण्ड रीठी के ग्राम देवगांव में जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से न कराये जाने तथा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठकों में दिये गए निर्देशों का पालन न करनें पर कलेक्टर द्वारा विकासखण्ड रीठी के लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग के उपयंत्री रोहित सिंह ठाकुर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। विदित हो कि विगत 9 फरवरी को विकासखण्ड रीठी भ्रमण के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा ग्राम देवगांव के जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पानी के लिये बनाये गये कांक्रीट के स्टैंड गुणवत्ताहीन पाये गए तथा उन्हे छूकर देखने पर हिल रहे थे। पाईप लाईन डालने के समय पी. डब्ल्यू. डी. विभाग द्वारा लगाये गये पेवर ब्लाक को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, कई स्थानों में पेवर ब्लाक निकालने के बाद लगाये ही नहीं गये तथा जहां पेवर ब्लाक लगाये गये उसमें भी कांक्रीट नहीं होने के कारण लगाये गये पेवर ब्लाक दबे पाए गए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि ठेकेदार द्वारा जो पाईप डाले गये है उनके ज्वाइंटर सही नही लगानें के कारण पानी के प्रेशर से खुल जाते है, जिससे पानी नलों में नहीं आता। पाईप लाईन में उपयोग किये गये पाईप गुणवत्ता हीन होने के कारण पाईप लाईन में प्रारंभ से ही लीकेज होनें की समस्या से ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया। किन्तु उपयंत्री रोहित सिंह ठाकुर द्वारा स्थल पर एक सप्ताह से ही लीकेज होनें की भ्रामक जानकारी दिये जानें पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा नोटिस मे कार्य के दौरान कार्यो को नहीं देखने के कारण जिला प्रशासन की छवि धूमिल होने तथा उक्त कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अधीन कार्यो के प्रति सन्निष्ठा एवं कर्तव्य परायणता के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक मानते हुए निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से सात दिवस में ठीक कराते हुए सकारण जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है।

## लापरवाही बरतने वाली 2 अनुबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की निरंतर की जा रही समीक्षा के बाद कार्यों की अपूर्णता के लिए जबाबदार निर्माण एजेंसी और उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद पी.एच.ई. के कार्यपालन यंत्री ने कटनी जिले के मेसर्स राधेकृष्णा कंस्ट्रक्शन और मेसर्स चतुर्वेदी बोरवेल्स द्वारा अनुबंधित कार्य समय पर पूरा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दोनों अनुबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी कर कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा गया है अन्यथा अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। मेसर्स श्री राधेकृष्णा कंस्ट्रक्शन कटनी द्वारा अभी तक ग्राम परसेल में 55 प्रतिशत, घुघरी में 50 प्रतिशत एवं मुरवारी में 35 प्रतिशत कार्य किया गया है। जो संस्थान की लापरवाही का द्योतक है। इसके लिए कारण बताओ नोटिस सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा मेसर्स चतुर्वेदी बोरवेल्स द्वारा ग्राम झिन्ना पिपरिया में मात्र 15 फीसदी कार्य ही जल जीवन मिशन का किया गया है। इस संबंध मे कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई. ने स्पष्टीकरण तलब किया है और अनुबंध निरस्त करने की चंतावनी भी दी है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की भारी जीत

## मंधाना का शानदार डाइविंग कैच, स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर गईं टेलर

**केप टाउन , एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज को विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 6 विकेट से हरा दिया। रिचा घोष ने 44 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, 3 विकेट लेकर टी-20 में अपने 100 विकेट पूरे करने वाली भारत की दीप्ति शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इससे पहले स्मृति मंधाना ने शानदार कैच पकड़ा। वहीं, वेस्टइंडीज की स्टेफिनी टेलर इंजर्ड होने के बाद स्ट्रेचर पर लेटकर मैदान से बाहर गईं। भारत की स्मृति मंधाना ने महिला टी-20 वर्ल्ड कप के दूसरे मैच में वापसी की। वह इंजरी के कारण पहला मैच नहीं खेल सकी थी। इस मैच में उन्होंने शेमाइन कैंपबेल का शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। 14वें ओवर में दीप्ति शर्मा की बॉलिंग पर शेमाइन ने कट शॉट खेला। बॉल थर्ड मैन की ओर हवा में गई, जहां स्मृति ने आगे की ओर डाइव मारकर शानदार कैच पकड़ लिया। वेस्टइंडीज की पूर्व कप्तान स्टेफिनी टेलर मैच में इंजर्ड होने के बाद स्ट्रेचर पर लेटकर मैदान से बाहर गईं। दूसरी पारी में 8 ओवर खत्म होने के बाद टेलर मैदान पर गिर गईं, उन्हें पीठ में चोट थी। टीम की मेडिकल टीम ग्राउंड पर आई, उन्होंने टेलर को देखा। मेडिकल टीम ने शुरुआती जांच के बाद स्ट्रेचर बुलवाया और टेलर को मैदान से बाहर ले गए।टेलर ने पहली पारी में ओपनिंग करते हुए 40 बॉल पर 6 चौकों के सहारे 42 रन बनाए थे। दूसरी पारी के 18वें ओवर में विंडीज कप्तान हेली मैथ्यूज भी मैदान से बाहर चली गईं। उन्हें डाइव लगाने के दौरान चोट लगी थी।

### तेज शुरुआत के बाद बिखरी टीम इंडिया

वेस्टइंडीज ने भारत को 119 रन का टारगेट दिया था। लक्ष्य का पीछा करने में भारत ने पावरप्ले के 2 ओवरों में ही 28 रन बना दिए। लेकिन, तीसरे ओवर के बाद टीम इंडिया बिखर गई। टीम ने चौथे ओवर में मंधाना के रूप में पहला विकेट गंवाया। अगले ही ओवर में जेमिमा रोड्रिग्ज एक रन बनाकर आउट हो गईं।पावरप्ले के 6 ओवर में टीम का स्कोर 41 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद भी अगले 2 ओवरों में 3 रन ही बनाए और शेफाली वर्मा का अहम विकेट गंवा दिया। शेफाली 28 रन बनाकर आउट हुईं और 8 ओवर के बाद टीम का स्कोर 3 विकेट पर 44 रन हो गया। इस तरह भारतीय टीम शुरुआती 2 ओवर के बाद 6 ओवरों में 16 रन ही बना सकी और टीम ने 3 विकेट भी गंवा दिए।



### रिचा-हरमन ने पलटा मैच

दूसरी पारी में 119 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 8 ओवर में 44 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। लेकिन, 9वें ओवर में टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और विकेटकीपर रिचा घोष ने भारत की वापसी कराई। दोनों ने 9वें ओवर में लेग स्पिनर एफी फ्लेचर को 16 रन मारे। इस ओवर में रिचा ने 3 बॉल पर 7 और हरमन ने 3 बॉल पर 9 रन बनाए। इस ओवर के बाद मैच भारत के पाले में आ गया। टीम ने 17 ओवर तक कोई और विकेट नहीं गंवाया। हरमन 18वें ओवर में आउट हुईं, तब भारत को 13 बॉल पर 4 रन की जरूरत थी। हरमन और रिचा ने 65 बॉल पर 72 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की थी। रिचा घोष ने मैच में नाबाद 44 रन बनाए। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ 72 रन की पार्टनरशिप कर टीम को जीत दिलाई।

### दीप्ति शर्मा का 100वां विकेट

भारत की दीप्ति शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 15 रन देकर 3 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। इस मैच के साथ ही दीप्ति के 89 टी-20 में 100 विकेट पूरे हो गए। भारत के लिए सबसे ज्यादा टी-20 विकेट लेने के मामले में दीप्ति टॉप पर पहुंची। उन्होंने लेग स्पिनर पूनम यादव का रिकॉर्ड तोड़ा। पूनम के नाम 98 विकेट थे। दीप्ति महिला क्रिकेट में 100 विकेट लेने वालीं भारत की पहली और दुनिया की 9वीं प्लेयर बनीं। वेस्टइंडीज की अनीशा मोहम्मद 117 मैचों में 125 विकेट के साथ इस लिस्ट में टॉप पर हैं।



# वर्ल्ड क्रिकेट में भारत की 6 घंटे की बादशाहत

## आईसीसी की गलती से तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बना था भारत, अब ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में टॉप पर

**मुंबई, ईएमएस।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की गलती से भारत टेस्ट में एक बार फिर नंबर-1 बन गया था। दरअसल, बुधवार को आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर भारत को टेस्ट में बेस्ट दिखा दिया था। छह घंटे बादआईसीसी ने फिर नई रैंकिंग जारी की। इसमें भारत फिर से दूसरे और ऑस्ट्रेलिया नंबर वन था। यह गलती कैसे हुई, क्यों हुई, इसके बारे मेंआईसीसी ने कोई सफाई नहीं दी है।भारत फिलहाल टी-20 और वनडे में ही नंबर-1 और टेस्ट में नंबर-2 पर है। रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के 126 और टीम इंडिया के 115 पॉइंट्स हैं।

### पिछले महीने भी हुई थी ऐसी ही गलती

इसी साल 18 जनवरी को आईसीसी ने रैंकिंग में ऐसी ही बड़ी गलती कर दी थी। आईसीसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1ः30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया फिर नंबर-1 टेस्ट टीम हो गई थी। तब भी आईसीसी रैंकिंग में हुई बड़ी चूक पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

### टेस्ट में कैसे नंबर-1 बनेगा भारत?

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 फरवरी से दिल्ली में टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मैच को जीतने पर भारत टेस्ट में नंबर-1 बन जाएगा। तब भारत के 121 और ऑस्ट्रेलिया के 120 पॉइंट्स हो जाएंगे। भारत वनडे और टी-20 में तो नंबर-1 है ही, टेस्ट में नंबर-1 बनते ही टीम तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने का कारनामा हासिल कर लेगी।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अभी 4 टेस्ट की सीरीज खेल रहा है। सीरीज के 3 मैच जीतने पर भारत सीरीज के बाद भी नंबर-1 ही रहेगा

### वनडे में भारत ऑस्ट्रेलिया से 2 अंक आगे

भारत वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया से 2 अंक आगे है। भारत के 114 पॉइंट है, वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 112 अंक है। भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद 17 मार्च से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के पॉइंट बराबर हैं, लेकिन न्यूजीलैंड ने 29 और इंग्लैंड ने 33 मैच खेले है। इस वजह से न्यूजीलैंड ऊपर है।

### कब अपडेट होती है टीम रैंकिंग?

आईसीसी टीमों की रैंकिंग हर सीरीज के बाद अपडेट करता है। 14 फरवरी को वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट सीरीज खत्म हुई। जिसके बाद 15 फरवरी को टेस्ट टीम रैंकिंग अपडेट हुई। 1 अक्टूबर को हर साल आईसीसी रैंकिंग का वार्षिक अपडेट होता है।

### ऑस्ट्रेलिया से 4 टेस्ट, 3 वनडे खेलेगा भारत

9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज शुरू हो चुकी है। पहला टेस्ट भारत जीत चुका है। अब 17 से 21 फरवरी तक दूसरा, एक से 5 मार्च तक तीसरा और 9 से 13 मार्च तक चौथा टेस्ट होगा। फिर 17, 19 और 22 मार्च को 3 वनडे भी होंगे।

## ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट कल से,दिल्ली में 100वां टेस्ट खेलेंगे पुजारा, अय्यर भी फिट

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट शुक्रवार से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सुबह 9ः30 बजे से खेला जाएगा। यह मुकाबला भारतीय बैटिंग की बैक बोन कहे जाने वाले वाले चेतेश्वर पुजारा के लिए खास होगा, क्योंकि इस मैदान पर पुजारा अपने करियर का 100वां टेस्ट खेलेंगे। वे 100 टेस्ट खेलने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी बनेंगे। भारत का किला दिल्ली को भारतीय टीम का अभेद किला कहा जाता है। टीम इंडिया इस मैदान पर पिछले 36 साल से नहीं हारी है। टीम को यहां आखिरी हार 1987 में मिली थी। हालांकि दिल्ली जीतना ऑस्ट्रेलिया के लिए असंभव सा लगता है, क्योंकि इस मैदान का रिकॉर्ड उसके पक्ष में नहीं है। कंगारू टीम इस मैदान पर पिछली बार 64 साल पहले 1959 में जीती थी। यदि पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई टीम यहां भारत को हरा देती है तो कंगारू टीम भारत के इस अभेद किले को भेद लेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैदान पर पिछले 64 साल से नहीं जीत सकी है। ड्ब्ल्यूटीसी का फाइनल अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से यह मुकाबला जीत लेती है तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ड्ब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए लगभग क्वालिफाई कर जाएगी। यदि भारत हार जाता है तो उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए अगले दोनों मैच जीतने ही होंगे। नंबर-1 का सपना यहां टेस्ट जीतते ही टीम इंडिया क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड नंबर-1 टीम बन जाएगी। हालांकि भारतीय टीम बुधवार को 6 घंटे के लिए वर्ल्ड नंबर-1 बनी थी, लेकिन वह ढ्ब्ल्यूटीसी वेबसाइट पर गलती से हुआ जिसे बाद में सुधार लिया गया।

### स्पिनर्स को मदद करेगी पिच

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की पिच पर पानी डाला गया। रोलिंग की गई, घास नहीं है। ऐसे में पिच पर हल्की नमी भी रह सकती है। जिससे स्पिनर्स की बॉल थोड़ी फंसकर आएगी। ऐसे में बल्लेबाजों को खेलने में दिक्कत होगी।

### मौसम- बारिश के आसार नहीं

दिल्ली का मौसम साफ रहेगा। वहां बारिश के आसार नहीं हैं। शुरुआती 2 दिन का तापमान 14 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। फिर तीसरे, चौथे और पांचवें दिन तापमान बढ़ेगा।

### हेड टु हेड रिकॉर्ड

ओवरऑल हेड टु हेड की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में है, वहीं दिल्ली के आंकड़े देखें तो भारत हावी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 103 टेस्ट हुए हैं। इनमें 43 ऑस्ट्रेलिया, जबकि 32 भारत ने जीते हैं। 28 ड्रॉ और एक टाई रहा है।

### अब देखिए पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल/केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया** - पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और टॉड मर्फी।

# विंटेज कार में दूल्हा बनकर बैठे हार्दिक, निकली बारात

## कपल ने हिंदू रीति-रिवाज से फेरे लिए, क्रिकेट सितारों का डांस; अंबानी के बेटे-बहू भी पहुंचे

**उदयपुर, ईएमएस।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने पत्नी नताशा स्टेनकोविक से उदयपुर में वेलेंटाइन डे के दिन दोबारा शादी कर ली है। कपल ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज से एक-दूसरे को पूरी दुनिया के सामने अपना बना लिया। नताशा और हार्दिक ने जैसे ही अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया, वैसे ही उनके वेडिंग लुक पर हर किसी निगाहें टिकी रह गईं। उनके सिंपल लुक पर फैंस फिदा हुए जा रहे थे, वहीं हार्दिक भी ब्लैक सूट में बहुत ही हैंडसम लग रहे थे। हसीना के इस वाइट गाउन को बनाने में बहुत दिन का समय लगा था, जिसमें सबसे खास उनका घूंघट था। उदयपुर की उदयसागर लेक में बने रैफल्स होटल में हार्दिक और नताशा ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। नताशा ने रेड कलर की साड़ी पहनी। बारात में खुद हार्दिक पंड्या और उनके भाई क्रुनाल पंड्या ने जमकर डांस किया। डीजे साउंड पर दोनों भाई जमकर थिरके। इसके बाद हिंदू पंरपरा के अनुसार रात करीब 7ः45 बजे कपल ने सात फेरे लिए। अंग्नि के समक्ष विधि-विधान से सारी रस्में निभाईं। इससे पहले मंगलवार को दोनों ने क्रिश्चियन रीति-रिवाजों के मुताबिक शादी की कसमें खाई थीं। आज शाम उदयपुर के होटल में पंड्या की बारात निकाली गई। होटल से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस मौके पर



दोनों भाइयों ने क्रीम कलर की शेरवानी पहनी। पंड्या विंटेज कार में दूल्हा बनकर बैठे। हार्दिक की शादी में क्रिकेट और बॉलीवुड स्टार्स के साथ आकाश और श्लोका अंबानी भी पहुंचे हैं। पंड्या वाइफ नताशा संग दो धर्मो के रीति-रिवाज से शादी की। उनका बेटा भी इस डेस्टिनेशन वेडिंग का गवाह बना। हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक ने साल 2020 में कोर्ट मैरिज की थी, जिसके कुछ ही महीनों बाद वे बेटे अगस्त्य के माता-पिता बने थे। कोरोना काल के कारण दोनों किसी तरह की ग्रैंड वेडिंग नहीं कर सके थे, लेकिन तीन साल बाद अब इस कपल ने अपने अधूरे सपने को भी पूरा कर लिया है। इस शादी के लिए नताशा ने फैशन डिजाइनर शांतनु और निखिल के डिजाइन किए हुए वाइट गाउन को पहना था।

### नाम के दो अक्षर को गाउन में करवाया ऐड

नताशा के इस फ्लोरलेंथ वेडिंग गाउन पर को बनाने में कई घंटों का समय लगा था। यही कारण था कि इस आउटफिट की एक-एक डिटेलिंग बहुत ही खास थी। गाउन के अपर पोर्शन को कॉरसेट पैटर्न में रखते हुए इसे फिटेड रखा गया था और स्कर्ट वाले पोर्शन में स्लिट देते हुए इसमें शीयर फैब्रिक को ऐड किया गया था। स्लीव्स पर नैचुरल पर्ल्स के साथ एन (ह) और एच (॥) जैसे अक्षर को ऐड किया गया था, जिसके बारे में खुद डिजाइनर ने जानकारी दी है।

### घूंघट तैयार करने में लगे 50 दिन

वहीं इस लॉन्ग ट्रेल गाउन के साथ जो घूंघट उन्होंने लिया था, उसकी लंबाई 15 फुट थी, जिसे बनाने में लगभग 50 दिन का समय लगा था। इस सफेद घूंघट ने नताशा के लुक में चार चांद लगा दिए थे। जिस पर पर्ल्स, लेदर सीक्वन और बीड्स के साथ फ्लोरल एंब्रॉइडरी की गई थी, जो बहुत ही सुंदर लग रही थी।

### हैंडसम लगे हार्दिक पांड्या

नताशा ने अपने इस प्रिंसेस लुक को कम्पलीट करते हुए स्टेटमेंट डायमंड नेकपीस और मैचिंग इयररिंग्स पहने थे। बालों को स्लीक बन में बांधा था और नेचुरल मेकअप से अपना ब्राइडल लुक पूरा किया था। वहीं हार्दिक ने ब्लैक टक्सीडो चुना था, जिसे वाइट शर्ट और टाई के साथ पहना था। क्रिकेटर ने अपने लुक में ग्लासेस से स्टाइल का तड़का लगाया था। वहीं दोनों का बेटा अगस्त्य पांड्या ब्लैक कलर के पैंटसूट बहुत ही क्यूट लग रहा था।

# सानिया मिर्जा ही नहीं उनकी बहन भी हैं बला की खूबसूरत



**हैदराबाद एजेंसी।** सानिया मिर्जा जहां टेनिस कोर्ट को अलविदा कहने के बाद क्रिकेट में एंट्री करने को लेकर सुर्खियों में हैं, तो वहीं उनकी बहन अनम मिर्जा हाल ही में फराह खान के घर हुई पार्टी से लाइमलाइट बटोर रही हैं। 'बिग बॉस 16' के कंटेस्टेंट्स के लिए रखी गई पार्टी में अनम भी पहुंची थीं और वह अपनी बहन सानिया की तरह ही बेहद सुंदर लग रही थीं। जब हमने इस हसीना के सोशल मीडिया पर नजर डाली, तो पाया कि वह भी अपनी सिस्टर की तरह ही बहुत स्टाइलिश हैं, जिससे आप भी फैशन टिप्स ले सकती हैं। अनम ने पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के बेटे मोहम्मद असदुद्दीन से दूसरी शादी की है। दरअसल, फराह खान ने अपने घर जो ग्रैंड पार्टी रखी थी, उसमें सानिया मिर्जा के साथ उनकी बहन अनम मिर्जा ने पूरी लाइमलाइट बटोर ली। वह ब्लू कलर की ड्रेस में इतनी प्यारी लग रही थीं कि हर किसी का ध्यान उनकी ही जा रहा था। नीले रंग की मिडी ड्रेस में उनका लुक तेजी से वायरल हो रहा है। तो चलिए आपको उनके स्टाइलिश लुक्स की एक झलक दिखाते हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि अनम अपने पति मोहम्मद असदुद्दीन के साथ नजर आ रही हैं। एक तरफ वह ऑरेंज कलर की ढीली-ढाली मिडी ड्रेस पहने हुए दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग स्लिंग बैग और फ्लैट्स पहनी थी। वहीं दूसरी तरफ वह स्टाइल के साथ पिंक कलर की मिडी ड्रेस में पोज देती दिख रही हैं। गले में दी गई टाई-अप डिटेलिंग बहुत ही बढ़िया लग रही थी। उनके नीले शूज दूर से ही ध्यान खींचने का काम कर रहे थे। अनम को देखने से भले ही उनकी उम्र का अंदाजा न होता हो, लेकिन उनकी एक क्यूट सी बेटी भी है। तस्वीर में वह सानिया मिर्जा से भी ज्यादा स्टाइलिश लग रही हैं। ग्रीन कलर की ड्रेस में उनका उनका मेकअप एकदम परफेक्ट हुआ था। दूसरी तरफ वह क्रीम कलर की मिडी ड्रेस में दिख रही हैं, जिसकी स्लीव्स बहुत ही स्टाइलिश थीं। उनके हाथ में ब्लैक स्लिंग बैग स्टाइल को साफ शो कर रहा था। सानिया भी इस तस्वीर में कैजुअल लुक में अच्छी लग रही थीं।



# इंटरनेशनल बॉक्सर पूजा बोहरा की शादी 22 को

### सोशल मीडिया की दोस्ती रिश्ते में बदली, दहेज नहीं, सिर्फ 1 रुपए का शगुन

**भिवानी,ईएमएस।** हरियाणा के भिवानी जिले की अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज पूजा बोहरा 22 फरवरी को जींद के आकाश के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगी। पूजा बोहरा की शादी जींद जिले के गांव बड़छप्पर निवासी आकाश के साथ तय हुई है, जोकि जींद में ही यूनाइटेड इंडियन इंश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी है। शादी को लेकर दोनों परिवार में खुशी का माहौल है। खास बात यह है कि इस शादी में कोई दहेज नहीं दिया जाएगा। सिर्फ 1 रुपए का शगुन देकर शादी होगी। भिवानी जिले के गांव नीमड़ीवाली निवासी पूजा बोहरा अपने परिवार के साथ कई साल से शहर के विकास नगर में रहती है। आकाश और पूजा ने सोशल मीडिया पर बातचीत शुरू की थी। पूजा बोहरा ने बताया कि 19 अगस्त 2019 को फेसबुक पर पहली बार आकाश का मैसेज आया। इसके बाद धीरे-धीरे उनकी बातचीत शुरू हुई। 2020 में बातचीत प्यार में बदल गई। पहले आकाश ने अपने प्यार का इजहार किया था। पूजा ने जब यह बात अपने परिवार को बताई तो उन्हें भी आकाश अच्छा ललगा। सके बाद आकाश को उसके परिजनों ने उसके लिए पसंद कर लिया। दोनों परिवारों ने उनके रिश्ते को सहमति दे दी।

# अमृत भारत स्टेशन योजना से संवरेगी तीनों रेलवे स्टेशनों की सूरत

### यात्री सुविधाओं में होगा विस्तार, मुफ्त वाई-फाई का भी लाभ ले सकेंगे यात्री



**कटनी, यशभारत।** भारतीय रेलवे के द्वारा स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत 17 रेलवे स्टेशनों को चिन्हित किया गया है। जिसमें कटनी के तीनों स्टेशन शामिल हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध उनका कार्यान्वयन शामिल है। जैसे स्टेशन पहुंच में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वन स्टेशन वन प्रोडक्ट, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि जैसी योजनाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा इस योजना में भवन में सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफप्लाजा, चरणबद्ध और व्यवहार्यता और निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

### जबलपुर रेल मंडल के 17 स्टेशन योजना में शामिल

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम मध्य रेलवे के कुल 53 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया। जिसमें जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा, कटनी साउथ सहित 17 स्टेशन शामिल है। कटनी के तीनों स्टेशनों के अलावा जबलपुर रेल मंडल के जिन स्टेशनों को इस योजना में शामिल किया गया है। उसमें जबलपुर, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सिहोरा रोड, बरगवां, ब्यौहारी, दमोह, सागर, मैहर, सतना व रीवा स्टेशन शामिल हैं।

# पुराने कार्यों का नए सिरे से ढोल पीट रही विकास यात्रा!

### शहर के वार्डों में नेताओं और अफसरों को चुभ रहे जनता के सवालों के पैने तीर

### अवैध कॉलोनियों में रहने वाले वाशिंदे कर रहे सवाल, कब मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

**कटनी। शहर के वार्डों में शुरू हो चुकी विकास यात्रा में शामिल अफसरों और जनप्रतिनिधियों को अनेक इलाकों में असहज स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के नेता विकास कार्यों की बात कर रहे हैं, लेकिन जनता सीधे सवाल कर रही है कि जब उनकी समस्याओं का समुचित समाधान हुआ ही नही तब कैसी विकास यात्रा। कल वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 6 तक गली-मोहल्लों में जनप्रतिनिधियों की दस्तक थी। आज भी वार्ड क्रमांक 7 से विकास यात्रा शुरू हुई लेकिन जनता के सवालों के आगे नेता और अफसर मौन साध लेते हैं। शहरी क्षेत्र में नगर निगम के 6 माह के कार्यकाल में कोई ऐसे बड़े काम नही हुए जिनका श्रेय लिया जा सके। समूचे मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में हाल यही है। पुराने कामों का ढोल नए सिरे से पीटा जा रहा है।**

जानकारी के मुताबिक विकास यात्रा में अवैध कालोनियों और नियमों को ताक पर रखकर जगह जगह की जा रही प्लाटिंग का मुद्दा विधायक और महापौर के गले की फांस बन रहा है। सालों से अवैध कालोनियों को वैध करने के सपने दिखाए जा रहे हैं लेकिन यहां के रहवासियों को सिर्फ आश्वासनों की टप्पेबाजी ही मिली है। आलम यह है कि दशकों से इन कालोनियों में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज हैं। अधिकांश कालोनियां ऐसी हैं जहां न नाली है न सड़क। बिजली के खम्भे तो लगे है पर कनेक्शन नही। पेयजल आपूर्ति भी नही हो पा रही। ये सारे सवाल विकास यात्रा के दौरान अफसरों और नेताओं को परेशान कर रहे हैं। पता चला है कि कल ऐसी ही असहज स्थितयों का सामना कल सांई मन्दिर रोड और वल्लभ नगर के नजदीक पहुंचते ही भाजपा नेताओं को करना पड़ा। यहां स्थानीय विधायक ने कालोनी के भीतर जाने से ही इस वजह से इनकार कर दिया कि वे जनता को किस रूप में जवाब देंगे। विकास यात्रा इन क्षेत्रों को टच किये बिना ही आगे बढ़ा दी गई। यही हाल कमोवेश हर अवैध कालोनी का है, जहां विकास यात्रा लेकर नेता और अफसर अगर पहुंचे तो जनता के चुभते सवालों से उनका सामना निश्चित है। वार्डो में विकास यात्रियों की दस्तक के बीच नेता प्रतिपक्ष के तल्ख आरोप हैं कि 6 माह में जब नगर निगम ने विकास के कामों की एक ईंट नही रखी तो जनता को आखिर कौन से विकास के दर्शन कराए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि मेयर को कार्यभार संभाले अभी जरूर 6 माह



ही गुजरे हैं लेकिन स्थानीय विधायक तो लगभग 9 साल से कटनी का नेतृत्व कर रहे हैं लेकिन जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में होने वाले प्रयास नाकाफी क्यों हैं। अब जबकि विधानसभा चुनाव एक बार फिर नजदीक हैं तो जनता की चिंता सताने लगी। 9 साल में अवैध कालोनियों के मामले में क्या किया गया। अवैध प्लाटिंग की भी यही रामकहानी है। जगह जगह ये दुकाने सजी हुई हैं, जिन्हें भाजपा के नेताओं का ही सीधा संरक्षण हैं।

### भाजपा की विकास यात्रा सिर्फ छलावा - कांग्रेस

नेता प्रतिपक्ष रागनी गुप्ता ने कहा हैं कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में विगत 6 माह के कार्यकाल में सड़क, नाली, बिजली के खंभा, पेयजल समस्या हेतु नई बोरिंग, स्ट्रीट लाइट जैसे महत्वपूर्ण मूलभूत कार्य तक प्रारंभ नहीं हो सके हैं। अवैध कॉलोनी का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बिजली के बिल की अनियमितताओं से आम जनता प्रताड़ित हो चुकी है और गलत बिल भेजकर बिजली विभाग द्वारा अवैध उगाही की जा रही है। बिल ना देने की स्थिति में लोगों के बिजली कनेक्शन तक काटे जा रहे है। अधिकांश स्ट्रीट लाइट नगर निगम में सामान नहीं होने की वजह से बंद पड़ी हुई है, जनता को समय पर पानी नहीं मिल रहा है, गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए आजतक एक भी नई बोरिंग वार्डों में नहीं हो पाई है।

# वर्चुअली संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा- भांजे भांजियों के साथ बहनों की भी चिंता मामा को

### विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत चोरी, पिपरा, गुड़ेहा, खजुरा में एक करोड़ पचास लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

**कटनी,यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधानसभा की जनता विकास के लिए क्या योजना कार्यो को कराना चाहती है इसे जानने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने हम सभी को विकास यात्रा के माध्यम से भेजा है जनता से अच्छा क्षेत्र के विकास के लिए विजन कोई नहीं जान सकता। ये उद्बोधन विकास यात्रा लेकर क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने ग्राम पंचायत चोरी, पिपरा, गुड़ेहा, खजुरा में दिए। इस दौरान ग्राम चोरी में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मोबाइल से वर्चुअली सम्बोधित कर एक बार फिर अपने चिर परिचित अंदाज में यहां उपस्थित महिलाओं, माताओं, बहनों तथा ग्रामीणों का दिल जीत लिया। विजयराघवगढ़ के ग्राम चोरी में आज विकास यात्रा का पड़ाव था। विकास यात्रा में क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक साथ थे। इसी बीच यहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक संजय सत्येंद्र पाठक लाडली बहना योजना के बारे में जानकारी दे रहे थे तभी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का श्री पाठक के मोबाइल पर फोन आया। श्री पाठक ने बताया कि वह ग्राम में विकास यात्रा के साथ हैं, साथ ही श्री पाठक ने बताया कि सभा में मौजूद महिलाओं माता, बहनों को आपके आशीर्वचन की प्रतीक्षा है। लिहाजा सीएम शिवराज सिंह ने तुरन्त मोबाइल से सभी को



अपना सम्बोधन देते हुए यहां उपस्थित ग्रामीणों का दिल जीत लिया। मोबाइल पर सीएम श्री चौहान ने सभा सम्बोधन करते बताया कि भांजे भाजियों के साथ बहनों की भी चिंता मामा को है, अतः सरकार अब लाड़ली बहना योजना से हर बहन को एक हजार रुपये महीना देगी ताकि घर में बहनों को आर्थिक परेशानी न हो। श्री चौहान ने सभी को बधाई दी और कहा कि गांव गरीब किसान महिलाओं बुजुर्ग युवा हर वर्ग की चिंता भाजपा सरकार को है। इस घोषणा के साथ ही सभी ने जोरदार नारे लगाकर सीएम श्री चौहान का अभिन्दन किया। विकास यात्रा के दौरान चार गांवों एक करोड़ पचास लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण भी किया। जनकल्याण की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से निकली जा रही विकास यात्रा ग्रामों में पहुंची जहां ग्रामवासियों ने ढोल नगाड़े दीप कलस सजाकर फूल माला पहनाते हुए यात्रा में शामिल सभी लोगों का स्वागत।

यात्रा में शामिल विधायक संजय पाठक ने कहा ये विकास यात्रा आपके बीच क्षेत्र के विकास की नई योजना कैसी हो इस विषय में जनता का क्या मत है पिछले कई वर्षो की अनवरत विकास की यात्रा में विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसानों की मूलभूत बिजली पानी जैसी समस्याओं को भी दूर किया गया है। यात्रा के दौरान छात्रों को जाति प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। योजनाओं में छूटे पात्र लोगों के नाम जोड़े जाएंगे जिससे पात्रों को योजनाओं का लाभ और गांवों का विकास होगा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह, एसडीएम महेश मंडलोई, मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, प्रमोद सोनी, जयवंत सिंह, रंगलाल पटेल सहित क्षेत्रियजन उपस्थित रहे।




# 18 से 22 फरवरी तक उज्जैन से इंदौर के बीच रद्द रहेगी नर्मदा एक्सप्रेस

### रीवा-अंबेडकर नगर एक्सप्रेस भी उज्जैन से होगी शार्ट टर्मिनेट,इंदौर-देवास-उज्जैन रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल के अंतर्गत इंदौर-देवास-उज्जैन रेलखंड के दोहरीकरण के तहत कड़छा-बड़लई स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य किया जाना है। इस कार्य को पूर्ण करने रेलवे के द्वारा मेबा ब्लाक लेकर काम कराया जा रहा है। मेगा ब्लाक के कारण इस रेलखंड की कई ट्रेनों को रद्द किया गया है तो कई ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट करके चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के इस निर्णय से कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली नर्मदा एक्सप्रेस, कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली रीवा-डॉक्टर अंबेडकर नगर एक्सप्रेस व जबलपुर से इंदौर के बीच चलने वाली ओवर नाइट एक्सप्रेस भी प्रभावित हुई हैं। इन तीनों ट्रेनों शार्ट टर्मिनेट करके चलाने का निर्णय लिया गया। रेलवे के मुताबिक कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11703 रीवा-डॉक्टर अंबेडकर नगर एक्सप्रेस आगामी 23 फरवरी 2023 तक उज्जैन स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी तथा उज्जैन से डॉ अम्बेडकर नगर स्टेशन के बीच निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11704 डॉक्टर अंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस आगामी 23 फरवरी तक उज्जैन स्टेशन पर शार्ट ऑर्जिनेट होगी तथा डॉ अम्बेडकर नगर से उज्जैन के बीच निरस्त रहेगी। वहीं कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 18 से 22 फरवरी तक उज्जैन स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी तथा उज्जैन से इंदौर के मध्य निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 19 से 23 फरवरी तक उज्जैन स्टेशन पर शार्ट ऑर्जिनेट होगी तथा इंदौर से उज्जैन के मध्य निरस्त रहेगी। इसके अलावा जबलपुर से इंदौर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर ओवर नाइट एक्सप्रेस 18 से 22 फरवरी तक मक्सी स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट होगी तथा मक्सी से इंदौर के मध्य निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर ओवर नाइट एक्सप्रेस 19 से 23 फरवरी 2023 तक मक्सी स्टेशन पर शार्ट ऑर्जिनेट होगी तथा इंदौर से मक्सी के मध्य निरस्त रहेगी।



### बहाल हुईं ये ट्रेनें

उधर रेलवे ने इस कार्य के चलते बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया है। जिसके कारण यात्रियों को इस रेलखंड में आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण रेलवे ने यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कुछ रद्द की गई ट्रेनों को बहाल करने का भी निर्णय लिया है। जिसमें 12 से 23 फरवरी तक निरस्त की गई गाड़ी संख्या 19303/19304 इंदौर-भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 09199/09200 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन स्पेशल ट्रेन की सेवा आज 15 फरवरी से बहाल कर दी गई हैं। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19303/19304 इंदौर-भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया उज्जैन-फतेहाबाद-इंदौर होकर चलाया जाएगा।







**प्लाट बिकाऊ हैं**

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)